हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024

तापमान

अधिकतम 38.7 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री



सरकंडा स्थित मुक्तिधाम के पीछे बनाए गए सब्जी बाजार को तोड़कर सब स्टेशन बनाने की तैयारी शुरू हो रही है।



## खबर संक्षेप

### आत्महत्या की कोशिश डायल 112 ने बचाई जान



**बिलासपुर।** ट्रेन की पटरी में लेटकर आत्महत्या करने की कोशिश करने वाले युवक को डायल 112 के आरक्षक व चालक ने ट्रेन आने के पहले उठाकर बचा लिया है। समझाइश देने के बाद उसे परिजन के हवाले कर दिया गया है। एसपी ने आरक्षक व चालक को पुरस्कृत किया है। चकरभाठा डायल 112 को ईवेंट मिला एक युवक चकरभाठा ओवरब्रिज के नीचे रेलवे पटरी में लेटकर आत्महत्या कर रहा है। डायल 112 के आरक्षक त्रिलोक सिंह, चालक चंचल धूरी आनन फानन में 3 मिनट में मौके पर पहुंच गए। सामने से ट्रेन से आ रही थी। आरक्षक व चालक ने जान जोखिम में डालकर दौड़ते हुए पटरी में जाकर ट्रेन आने के पहले उसे पटरी से उठाकर बचा लिया है। उसके बाद उससे पूछताछ करने के बाद घर छोड़कर भविष्य में कभी भी इस तरह का कदम ना उठाने की सलाह देते हुए परिजन के हवाले कर दिया गया है। परिजन ने आरक्षक व चालक को धन्यवाद ज्ञापित किया। एसपी रजनेश सिंह ने काम की सराहना करते हुए आरक्षक व चालक को पुरस्कृत किया है।

### कोर्ट में वकील पर ईंट से हमला, मचा हंगामा



**बिलासपुर।** जिला एवं सत्र न्यायालय में दोपहर के समय एक युवक और वकील की किसी बात को लेकर बहस हो गई। युवक ने वकील को धक्का देते हुए पास में पड़ी हुई ईंट उठा ली और वकील पर हमला कर दिया, वकील के हटने से ईंट पास खड़ी कार में जा गिरी। आवाज सुनकर आसपास के वकील वहां पहुंच गए, इस दौरान हमला करने वाला युवक तो वहां से भाग गया। लेकिन उसका साथी पकड़ में आ गया। उसे वकिलों ने घेरकर पकड़ लिया, इसके बाद उससे कहा गया कि वह अपने साथ को बुलाए। बाद में वकीलों ने पुलिस को बुलाया और युवक को सौंप दिया। इस घटना के चलते घंटों तक जिला कोर्ट में वकीलों और वहां आए हुए लोगों की भीड़ लगी रही।

### स्पंज आयरन जनहित याचिका खारिज, जुर्माना

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने स्पंज आयरन प्रोजेक्ट से संबंधित एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले को खारिज कर दिया है। एक स्पंज आयरन प्रोजेक्ट को बंद कराने की मांग करते हुए प्रस्तुत जनहित याचिका को आज हाईकोर्ट ने खारिज करते हुए 5 हजार रुपए की जुर्माना भी लगाया है। हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता को निर्धारित फोरम में जाने की छूट प्रदान की है। बिलासपुर जिले में बिल्हा के करीब मौहाभाटा में मंगल स्पंज आयरन का प्लांट है। इसके लिए रेलवे साइडिंग ली जा रही है, जिसके लिए भूमि अधिग्रहण हो रहा है। इसका विरोध करते हुए स्थानीय निवासी रवीश शर्मा ने एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में पेश कर कहा कि यह नियमों के विपरीत जाकर काम किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाए और इसे बंद किया जाए। इस मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने शासन की ओर से पेश संबंधित दस्तावेजों को देखने के बाद कहा कि यह कोई जनहित संबंधी प्रश्न नहीं है। इसके लिए राजस्व विभाग में जाना चाहिए। डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाकर इस याचिका को खारिज कर दिया।

# समर की प्लानिंग पड़ रही ठंडी, उड़ान के लिए 15 अप्रैल के बाद की बुकिंग नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं, ऐसे में देश के महानगरों के साथ ही अलग-अलग लोकेशन में घूमने का मजा ही कुछ ओर है, लेकिन जहां एक ओर दिल्ली और कोलकाता की फ्लाइट अप्रैल से शुरू होने की घोषणा हो चुकी है, वहीं वर्तमान में बुकिंग की डेट महज 15 अप्रैल तक के लिए ही उपलब्ध है।

ऐसे में समर वेकेशन की प्लानिंग नहीं हो पा रही है। बिलासा एयरपोर्ट से दिल्ली, प्रयागराज जैसी सिटी के लिए पहुंचना आसान हो चुका है, ऐसे में हर कोई समर वेकेशन की प्लानिंग कर रहा है, लेकिन इसमें सबसे बड़ी बाधा टिकट की बुकिंग की है। दअरसल अलायंस एयर की साइट पर 15 अप्रैल के बाद की बुकिंग शो नहीं हो रही है, ऐसे में यात्रियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों में जल्द ही छुट्टियां लग जाएंगी, 10वीं और 12 के पेपर हो चुके हैं। ऐसे में लोगों को समर वेकेशन की याद आने लगी है, कुछ लोग समर वेकेशन मनाने जा चुके हैं, ऐसे में उन्हें वापसी को लेकर संकट मंडरा रहा है। अलायंस एयर द्वारा दिल्ली और कोलकाता लिए फ्लाइट शुरू हो चुकी है, ऐसे में हवाई यात्रा करने वालों के लिए दिल्ली और कोलकाता की फ्लाइट राहत दे सकती है, लेकिन 15 अप्रैल के बाद की बुकिंग नहीं मिलने के कारण यात्रियों की प्लानिंग चौपट हो रही है।

- साइट पर बुकिंग की डेट उपलब्ध नहीं, यात्रियों को हो रही परेशानी



### कंपनी कुछ भी कहने से बच रही है

कंपनी के अधिकारी ने बताया समर शेड्यूल के बाद साइट पर अपडेशन का कार्य चल रहा है, लेकिन उन्होंने साइट के इस तरह 15 अप्रैल के बाद की डेट नहीं दिखने को लेकर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। वहीं यात्रियों की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है।

### ठेकेदारों का भुगतान अटका

बिलासा एयरपोर्ट पर चल रहे निर्माण कार्य की लेटलतीफी के चलते डीजीसीए और एएआई टीम का निरीक्षण और 3 सी आईएफआर केटेगरी का लाइसेंस रूक गया है। बताया जा रहा है कि 3 ठेकेदारों के 8 करोड़ से अधिक के बिक बकाया है जिसके चलते निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं पीडब्ल्यूडी में दो ईई और उनके बीच सामंजस्य की कमी के चलते ठेकेदारों ने काम करने से इंकार कर दिया है।

## अमृत मिशन के पाइप में मिट्टी, घरों में पहुंच रहा गंदा पानी, 7 टंकियों से सप्लाई बंद

# महीनेभर पहले पानी टंकियों की सफाई में 7 लाख किया खर्च, अब भर गया कीचड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने महीनेभर पहले शहर की पानी टंकियों की सफाई के लिए रायपुर की ठेका कंपनी को 6.94 लाख रूपए का ठेका दिया, कंपनी ने शहर की 37 टंकियों की सफाई की है। इस बीच शहर की टंकियों में अमृत मिशन की पाइप लाइन को जोड़ने के कारण इन साफ टंकियों में मिट्टी और कीचड़ जम गया है, जिसके चलते अब शहर के विभिन्न क्षेत्रों में टेपनल से गंदा पानी पहुंच रहा है। ऐसे में निगम ने गुरूवार को 5 टंकी से अमृत मिशन की सप्लाई बंद कर दी है। वहीं शुक्रवार से तारबाहर और जीडीसी कॉलेज मिलाकर 2 टंकियों से अमृत मिशन की सप्लाई बंद की जाएगी। अब इन टंकियों को पहले की तरह ही ट्यूबवेल से भरकर पानी की सप्लाई की जा रही है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है।

**घरों में सप्लाई हो रहा मटमैला पानी**

**ट्यूबवेल से भरी जा रहीं पानी की टंकियां**



बिरकोना स्थित ट्रीटमेंट प्लांट की पानी टंकी।

### इन जगहें पर मटमैला पानी की शिकायत

पार्षदों और नागरिकों के मुताबिक अधिकांश वार्डों में निगम के नलों से खराब पानी आ रहा है, जिन जगहों पर शिकायत आ रही है उनमें तालापारा, मगरपारा, गवर्नमेंट स्कूल के आस पास, दयालबंद, तोरवा, बिलासा कॉलेज, जूनीलाइन, मरीमाई, तेलीपारा, मसानगंज, इमलीपारा, विद्या नगर, भारतीय नगर शामिल हैं। नागरिकों से शिकायत मिलने के बाद कई पार्षद और जनप्रतिनिधी निगम कमिश्नर और जल विभाग प्रभारी को इसकी सूचना भी दी है।



फिल्टर प्लांट से निकलता गंदा पानी।

### निगम आयुक्त ने अधिकारियों की ली बैठक

वार्डों में मटमैला पानी आने की लगातार शिकायतें मिलने के बाद गुरुवार को निगम आयुक्त अमित कुमार ने अमृत मिशन की ठेका कंपनी इंडियन ह्यूम पाइप और नगर निगम के अफसरों की बैठक बुलाई। इसके बाद सभी टंकियों की नए सिरे से सफाई कराने, पाइप लाइन की जांच करने के निर्देश दिए गए। अफसरों ने आयुक्त को बताया कि शुक्रवार से वह इंजीनियरों के साथ फील्ड विजिट कर पानी सप्लाई की समस्याओं का जायजा लेंगे।

### सफाई का खर्च ठेका कंपनी वहन करेगी

अमृत मिशन के इंटर कनेक्शन के दौरान पाइप लाइन में डस्ट पहुंचने की समस्या दूर करने के लिए नए सिरे से पानी टंकियों की सफाई कराई जाएगी। इसके लिए ठेका कंपनी इंडियन ह्यूम पाइप को निर्देशित किया गया है। प्रोजेक्ट मैनेजर को अमृत मिशन की सप्लाई व्यवस्थित करने कहा गया है। टंकियों की दोबारा सफाई का खर्च ठेका कंपनी वहन करेगी।

- **अमित कुमार**, निगम आयुक्त बिलासपुर।

### इंटर कनेक्शन से पाइप में गई मिट्टी

व्यापार विहार की दो, भारतीय नगर और कुदुदंड की 1-1 पानी टंकियों से अमृत मिशन की सप्लाई बंद कर दी गई। शुक्रवार को जीडीसी और तारबाहर टंकी की सप्लाई भी रोक दी जाएगी। इन टंकियों से वापस ट्यूबवेल से पानी की सप्लाई की जा रही है। अमृत मिशन की लाइनों से ही टंकियों में मटमैला पानी पहुंच रहा है, जो इंटर कनेक्शन के दौरान पाइप में मिट्टी चले जाने के कारण हो रहा है।

- **अनुपम तिवारी,** प्रभारी जल विभाग नगर निगम बिलासपुर।

### 22 टंकियों में अमृत मिशन का पाइप जोड़ा

दो दिन पहले निगम ने कुदुदंड पानी टंकी सहित 22 टंकियों से शहर में अमृत मिशन का पानी सप्लाई करने का दावा किया था। अमृत मिशन के तहत 6 सितंबर 2023 को जब सरकंडा की 6 टंकियों से सप्लाई शुरू की गई, तब भी यही समस्या सामने आई थी। 301 करोड़ की लागत वाली इस योजना का लोकार्पण 25 सितंबर 2023 को किया गया था। अरपा पार की टंकियों से अब सप्लाई शुरू होने पर भी यही शिकायत एक बार फिर सामने आ गई है।

### खूंटाघाट से भी पानी के साथ आ रही मिट्टी

नगर निगम द्वारा खूंटाघाट बांध से पानी लाकर बिरकोना स्थित ट्रीटमेंट प्लांट में शुद्ध कर शहर भर में सप्लाई किया जा रहा है। अमृत मिशन की पाइप लाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन के दौरान पाइप लाइन में मिट्टी चले जाने के कारण वह टंकियों तक पहुंच गया। ऐसे में मटमैला पानी आ रहा है। लेकिन शहर की टंकियों में ही नहीं खूंटाघाट से ट्रीटमेंट प्लांट में आने वाली पानी के साथ भी मिट्टी और कीचड़ आ रहा है, जो फिल्टर प्लांट की टंकियों में पहुंच रहा है।

# घुटकू से जब्त 125 ट्रैक्टर रेत फिर से नदी में डाली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध रेत के खिलाफ खनिज विभाग ने घुटकू में बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान राजस्व व खनिज विभाग की टीम ने 125 टैक्टर अवैध रेत जब्त किया, इस रेत को वापस नदी में डाल दिया गया। रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई पहली बार की गई है।

दरसल अरपा नदी में लगातार अवैध रेत उतखन्न की शिकायत मिलने पर कलेक्टर अवनीश शरण ने एसडीएम ज्योति पटेल के नेतृत्व में राजस्व और खनिज विभाग की टीम को कार्यवाई के निर्देश दिए। गुरूवार को टीम ग्राम घुटकू में अवैध रेत परिवहन व डंपिंग के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पहुंची, यहां 35 ट्रैक्टर अवैध रेत घुटकू निवासी तिलक वर्मा द्वारा डंप करके रखा गया था। जिसके विरुद्ध अफसरों ने प्रकरण बनाया। इसी तरह जीवेन्द्र सिंगरौल द्वारा 40 ट्रैक्टर रेत अवैध तरीके से डंप करके रखा गया था। साथ ही घुटकू में ही 50 ट्रैक्टर रेत लावारिस हालत में पड़ा मिला, जिसे राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा डिस्पोज़ल करते हुए पुनः नदी में डाल दिया गया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार श्रद्धा सिंह, राजस्व निरीक्षक होमेश सिंह, पटवारी एसपी शुक्ला, सहायक खनिज अधिकारी पदमिनी जांगड़े व पुलिस अधिकारी शामिल थे।

- खनिज विभाग ने की कार्रवाई, पहली बार उठाया गया यह कदम



जब्ती के बाद अरपा नदी में डलवाते पुलिसकर्मी।

### शहर के घाट बंद फिर भी ट्रैक्टर की कतार

शासन के निर्देश पर शहर के आसपास अरपा नदी में रेत का खनन बंद है। इसके बाद भी सरकंड़ा शिव घाट से लेकर मंगला, कोनी और तुर्काडीह में सुबह-शाम रेत खन्न के लिए ट्रैक्टरों की कतार देखनों को मिल रही है। इसके बावजूद खनिज विभाग के अधिकारी यहां कार्रवाई के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। महीने में एक दो छोटे कार्यवाही कर बढ़े रेत माफिया को संरक्षण दिया जा रहा है।

## एसपी की पहल पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

# कोटा के जुआरी, सरकंडा के गुंडे सहित 3 बदमाश जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसपी की पहल पर कोटा के चर्चित जुआरी सहित तीन बदमाशों पर कलेक्टर ने जिलाबदर की कार्रवाई की है। तीनों को 6 माह के लिए जिला एवं आसपास के जिले की सीमाओं से बाहर रहना होगा। 24 घण्टे के भीतर तीनों को जिले से बाहर करने का आदेश दिया गया है।

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी रजनेश सिंह ने जिले में अपराधिक घटनाओं में शामिल बदमाशों की कुंडली तैयार की गई थी। करीब 43 बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर करने का प्रस्ताव बनाकर कलेक्टोरेट भेजा गया था। 28 मार्च को कलेक्टर अवनीश शरण ने जिले के गुंडा बदमाश चर्चित जुआरी कोटा पुरानी बस्ती निवासी हरिशचंद्र उफ गोलू ठाकुर 50 साल, सरकण्डा चांटीडीह निवासी शानू खान 26 साल, सीपत मड़ई निवासी विनो साहू 51 साल को 6 माह के लिए जिलाबदर कर दिया है। कलेक्टर ने 24 घण्टे के भीतर तीनों बदमाशों को जिला से बाहर करने का आदेश दिया गया है। जिलाबदर के दौरान तीनों बदमाश बिलासपुर व आसपास के जिले जांजगीर चांपा, कोरबा, मुंगेली, जीपीएम, बलोदाबाजार की सीमाओं से बाहर रहेंगे।







### 6 अपराध, 11 प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

गोलू ठाकुर लंबे अरसे से कोटा क्षेत्र में सक्रिय होकर बड़ा फड़ संचालित कर रहा था। उसके खिलाफ कोटा थाने में मारपीट, जुआ सहित 6 अपराध व 11 प्रतिबंधात्मक कार्रवाई दर्ज है।

### शानू खान पर 13 अपराध दर्ज

कांग्रेस नेताओं के करीबी शानू खान के खिलाफ सरकण्डा थाने में हत्या के प्रयास, लूट, मारपीट, बलवा सहित 13 मामले दर्ज है। इसके अलावा कई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई दर्ज है।

### 5 अपराध, 13 प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

बदमाश विनोद साहू सीपत क्षेत्र में गुंडागर्दी कर आतंक मचा रहा था। उसके खिलाफ सीपत थाने में मारपीट सहित 5 अपराध व 13 प्रतिबंधात्मक कार्रवाई दर्ज है।

### विस चुनाव में 6 के खिलाफ जिलाबदर 3 पर रासुका

वर्ष 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व एसपी संतोष कुमार सिंह के पहल पर जिले के गुंडा बदमाश ऋषभ पानिकर सहित 6 के खिलाफ जिलाबदर व हिस्ट्रीशिटर रितेश निखारे उर्फ मैडी, संतोष उर्फ डैनी सहित 3 के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की गई थी। कलेक्टर के आदेश के बाद बदमाशों को जिला के बाहर कर दिया गया था।

# तहसीलदार ने किया बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण, अधीक्षक नदारद, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तहसीलदार के निरीक्षण के दौरान छात्रावास से गायब रहने वाले छात्रावास अधीक्षक को कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

कलेक्टर द्वारा 28 मार्च को जारी किए गए आदेश में बताया गया कि 18 मार्च को तहसीलदार बेलतरा ने प्री. मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास बेलतरा विकासखंड बिल्हा का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां छात्रावास अधीक्षक प्रफुल्ल शर्मा अपने कार्य से गायब मिले। छात्रावास में केवल 7 छात्र मौजूद थे। छात्रों ने बताया कि अधीक्षक छात्रावास में निवास नहीं करते न ही नियमित रूप से छात्रावास में रहते हैं। छात्रों द्वारा नाश्ता एवं अन्य सामग्रियां उपलब्ध नहीं कराने की भी शिकायत की गई। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में साफ सफाई भी नहीं पाई गई। दीवारों पर पान गुटखा खाकर थूकने के निशान भी मिले। बच्चों को मच्छरदानी उपलब्ध नहीं करने की भी शिकायत की गई। बच्चों की उपस्थिति भी कम होने सहित अन्य शिकायतें सामने आई। कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में छात्रावास अधीक्षक प्रफुल्ल शर्मा को 20 मार्च को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया था।

इस पर श्री शर्मा ने 27 मार्च को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया है। उनका स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर तहसीलदार बेलतरा के निरीक्षण प्रतिवेदन व पंचनामा के आधार पर तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबत कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार छात्रावास अधीक्षक श्री शर्मा प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास बेलतरा का मुख्यालय कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बिलासपुर में निर्धारित किया गया है। श्री शर्मा को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

- कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

## खबर संक्षेप

### सतत साप्ताहिक सुंदरकांड माला के 74 वें मोती का आयोजन 31 को



**बिलासपुर।** शुभम विहार मानस मंडली द्वारा सतत साप्ताहिक सुंदरकांड माला के 74 वें मोती का आयोजन 31 मार्च को किया जा रहा है। शुभम विहार मानस मंडली के सत्यनारायण पांडेय ने बताया कि जब उन्होंने सतत साप्ताहिक सुंदरकांड का संकल्प लिया था। तब उन्होंने भगवान श्रीराम से प्रार्थना की थी कि प्रभु कम से कम 52 श्रद्धालुओं के मन में अपने- अपने घरों में सुंदरकांड करवाने की प्रेरणा अवश्य ही जागृत करना, ताकि उनका संकल्प पूर्ण हो सके। प्रभुराम की ऐसी कृपा हो रही हैं कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष षष्ठी को सतत साप्ताहिक सुंदरकांड माला के 74 वें मोती का आयोजन पुनः उनके ही शुभम विहार स्थित निवास स्थल पर होने जा रहा हैं। संगीतमय सुंदर कांड पाठ को सफल बनाने सत्यनारायण पांडेय, एम एल बरसैया, हरिशंकर प्यासी, आर पी मिश्रा, नरेंद्र गोपाल, बी के पांडेय, एस एन उपाध्याय, अनिल तिवारी, सुरेंद्र दुबे, मनीष बरसैया, ललित अग्रवाल, राजेश शर्मा, ईश्वर तिवारी, राजेश शर्मा, राजमोहन मिश्रा, प्रमोद अवस्थी, राजेश शुक्ला, आर के पांडेय, इंदुबाला पांडेय, सरिता पांडेय, निशा अग्रवाल, लक्ष्मी साहू, सत्या पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय, दीपिका उपाध्याय, अन्नू उपाध्याय, दीप्ति तिवारी, रिंकी बरसैया, मीना पाण्डेय, शीला श्रीवास, सुषमा शुक्ला, किरण वाजपेयी सक्रिय हैं। शुभम विहार कल्याण समिति के अध्यक्ष आख़लिनन्द पांडेय ने बताया कि जनसमूह से संगीतमय सुंदरकांड, हनुमान चालीसा के साथ विशाल शोभायात्रा निकालने की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### सीसीटीवी से होगी आश्रम छात्रावासों की मॉनीटरिंग



**बिलासपुर।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित जिले की सभी आश्रम एवं छात्रावासों में सीसीटीवी से मॉनीटरिंग की जाएगी। उनमें सभी बुनियादी जरूरतें पूरी की जाकर चकाचक की जाएगी। कलेक्टर अवनीश शरण 28 मार्च को यहां आश्रम शालाओं एवं छात्रावासों के अधीक्षकों की बैठक लेकर इस आशय के निर्देश दिए। उन्होंने माता-पिता को छोड़कर पढ़ने और अपना भविष्य गढ़ने आए बच्चों को छात्रावासों में घर जैसे माहौल देने की अपेक्षा सभी अधीक्षकों से की। बैठक में एडीएम शिवकुमार बनर्जी, सहायक आयुक्त सीएल जायसवाल सहित तमाम अधीक्षक मौजूद थे। कलेक्टर श्री शरण ने सभी अधीक्षकों से उनकी समस्याएं सुनी और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। नोडल अधिकारियों की निरीक्षण रिपोर्ट पर अधीक्षकों के साथ चर्चा कर उनमें सुधार लाने की हिदायत दी। कलेक्टर ने सभी अधीक्षकों को अपने निर्धारित मुख्यालय एवं आवासों पर रहने के निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि जिले में 83 आश्रम एवं छात्रावासों में साढ़े 4 हजार से अधिक अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के जरूरतमंद बच्चे रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि अधीक्षक केवल एक सरकारी कर्मचारी नहीं बल्कि इन बच्चों के लिए माता-पिता के समान हैं। बड़े भरोसे के साथ उनके माता-पिता अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए आप लोगों के सुपुर्द कर गए हैं। अपनी जिम्मेदारी को समझें। कलेक्टर ने बेलतरा एवं मिट्ठूनवागांव छात्रावास में अव्यवस्था संबंधी सूचना पर संबंधित अधीक्षकों को चेतावनी दी।

### खनिज ऑनलाइन पोर्टल सिस्टम के साथ इंटीग्रेट करने अफसरों की बैठक



**बिलासपुर।** संयुक्त संचालक खनिज प्रशासन अनुराग दीवान संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म के निर्देशानुसार रेलवे में मिनरल ट्रांसपोर्टिंग सिस्टम को राज्य शासन के खनिज ऑनलाइन पोर्टल सिस्टम के साथ इंटीग्रेट करने डीआरएम कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें खनिज विभाग से उप संचालक(ख.प्र.) जिला रायगढ़ राजेश मालवे, खनि अधिकारी जिला कोरबा प्रमोद नायक, खनि अधिकारी बिलासपुर रमाकांत सोनी, रेलवे विभाग से प्रभात कुमार व टीम, एसईसी एल मुख्यालय बिलासपुर से मैनेजर मार्केटिंग एंड सेल्स द्वय रचित भाटिया व अमन छाबरा तथा खनिज आनलाइन सर्विस प्रोवाइडर एजेंसी से एक्सपर्ट सौम्यकान्त मंत्री शामिल हुए।

### मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर जल्द रिपोर्ट सौंपे सेक्टर अधिकारी



**बिलासपुर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर गुरुवार 28 मार्च को जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चुनाव में सेक्टर अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के हर गतिविधि में शामिल हो। निर्वाचन को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए सेक्टर अधिकारी चुनाव की हर प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखें। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्रों का जायजा लेकर मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट मांगी। बैठक में कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि सेक्टर अधिकारी निर्वाचन की घोषणा से मतदान तक चुनाव प्रबंधन के लिए अपने सेक्टर के मतदान केंद्रों के लिए उत्तरदायी है। मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए मूलभूत सुविधाएं जैसे रैम्प, प्रकाश, पेयजल, बिजली, शौचालय आदि की जानकारी एकत्रित करें। सेक्टर अधिकारी अपने प्रभार क्षेत्र में ईव्हीएम एवं व्हीपेट मशीनों के बारे में मतदाताओं को जानकारी दें और मतदान के लिए जागरूक करें।

# बच्चों ने लिखा-सर पास कर दीजिए.. नहीं तो पापा करा देंगे शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं 12 वीं बोर्ड की परीक्षा पूर्ण होने के बाद 23 मार्च से ही मूल्यांकन का कार्य प्रदेश के साथ ही जिले में भी शुरू कर दिया गया है।

- **लिखावट में पिछले वर्ष के मुकाबले हुआ सुधार, अंग्रेजी के ग्रामर में खा रहे मार**

उत्तर पुस्तका जांच के लिए छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा मंडल ने सेजेस मल्टीपरपज स्कूल और महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल को मूल्यांकन केंद्र बनाया है। यहां मूल्यांकन के दौरान हाइस्कूल और हायर सेकेंडरी के पेपर में कई छात्र-छात्राओं ने लिखा.. प्लीज सर मुझको पास कर देना, नही तो मेरी पढ़ाई छूट जाएगी। पास नहीं हुई तो पापा शादी करा देंगे। किसी ने पारिवारिक वातावरण के वजह से पढ़ाई नही कर पाने का हवाला दिया तो किसी ने अपनी समस्या की कहानी से ही उत्तरपुस्तिका को भर दिया। इसी तरह कई अन्य छात्र-छात्राओं ने भी अपनी मजबूरी लिखकर उत्तीर्ण करने की गुहार लगाई है। हालांकि परीक्षक द्वारा नियमानुसार कॉपी जांची जा रही है। कापी की जांच में काफी प्रगति हुई है।



सेजेस मल्टीपरपज स्कूल व महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में उत्तरपुस्तिका की जांच करते शिक्षक।

### पेज लेखन क्षमता में हुई वृद्धि

केंद्रों में उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष बोर्ड के छात्रों में लेखन क्षमता में वृद्धि हुई है। सभी ने उत्तर पुस्तिकाओं को लगभग पूरी तरीके से भरा है। वही कठिन विषयों में से एक अंग्रेजी विषय में बोर्ड के छात्रों में ग्रामर की काफी गलतियां देखने को मिल रही है। गणित के प्रश्नों और फार्मूलों में भी बच्चे गलती कर रहे है। इस बार उत्तर पुस्तिकाओं में काट - छांट कम देखने को मिल रहा है। बच्चे अच्छे खासे संख्या में सप्लिमेंट्री कॉपियां भी लिए हुए है।

### अब तक 10 प्रतिशत कॉपियां ही जंची

जिले के सेजेस मल्टीपरपज स्कूल में मूल्यांकन के लिए 10 वीं के 51 हजार 274 और 12 वीं के 30 हजार 495 उत्तरपुस्तिका पहुंची है। इसके साथ ही महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में 12 वीं के 21 हजार 127 और 10 वीं के 36 हजार उत्तरपुस्तिका भेजी गई है। अब तक केवल 10 प्रतिशत ही उत्तर पुस्तिकों की जांच की गई है। जबकि पहले चरण में 31 मार्च तक मुल्यांकन का काम पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है।

### जिले के 42 हजार बच्चे परीक्षा में हुए शामिल

जिले में इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए 129 परीक्षा केंद्र बने थे। इसमें 42 हजार 509 बच्चे शामिल हुए। जिसमें 10 वीं कक्षा के 23 हजार 670 और 12 वीं कक्षा के 18 हजार 839 बच्चों ने परीक्षा दिलाया। इसबार जिले में एक भी नकल प्रकरण नहीं बना है। परीक्षा खत्म होने के बाद अब उत्तर पुस्तिकाओं की जांच चल रही है। अफसरों के मुताबिक अप्रैल के अंतिम या मई के पहले सप्ताह तक बोर्ड का रिजल्ट भी आ जाएगा।

168 करोड़ वसूलने में बिजली अधिकारियों के छूट रहे पसीने

# पिछले साल की तुलना में 48 करोड़ का अधिक बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली हाफ योजना के बाद भी विद्युत विभाग में बकाया बिल की वसूली नहीं हो पा रही है, सिटी सर्किल में 168 करोड़ रूपए की वसूली की जानी है, जिसे लेकर बिजली अधिकारी लगातार कनेक्शन काटने में लगे हैं, लेकिन इसके बावजूद निजी उपभोक्ताओं की ओर से बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है, वहीं पिछले साल की तुलना में इस बार 48 करोड़ रूपए अधिक हो चुके हैं, जिससे अधिकारियों के हाथ-पैर फूलने लगे हैं। खास बात यह है कि बिजली बिल वसूली के लिए उच्च अधिकारियों ने खुली छूट दी है, लेकिन इसके बावजूद जोन स्तर के अधिकारी कार्रवाई करने से बच रहे हैं।

- **बड़े बकायादारों पर हाथ डालने से बच रहे हैं अधिकारी**

सिटी सर्किल के अंतर्गत बिजली बकाया की राशि बढ़कर 168 करोड़ हो चुकी है, विद्युत विभाग इस राशि की वसूली के लिए जनवरी से प्रयास कर रहा है, लेकिन हर माह महज 4 करोड़ के आसपास ही वसूली हो रही है, जबकि बकाया राशि काफी ज्यादा है। यह हाल तब है जब निजी उपभोक्ताओं को बिजली हाफ योजना का फायदा पहुंचाया जा रहा है, इसके बावजूद राशि की वसूली नहीं हो रही है। जानकारी के अनुसार सर्किट में सरकारी कार्यालय से 135 करोड़ 80 लाख रूपए की वसूली की जानी है, वहीं निजी उपभोक्ताओं से 32 करोड़ 66 लाख रूपए की वसूली नहीं हो सकी है। विभाग ने सभी जोन अधिकारियों को फील्ड में रहकर राशि की वसूली करने और डिफाल्टरों के बिजली कनेक्शन काटने का आदेश दिया है, लेकिन रसूखदारों पर कार्रवाई के बजाए अधिकारी कार्यालय में बैठ समय गुजार रहे हैं। खास बात यह है कि चुनाव, मेंटनेंस और अन्य ड्यूटी का बहाना बनाकर रसूखदारों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिसके चलते सिटी सर्किल का बकाया बढ़ता ही जा रहा है।



### पिछले साल था 120 करोड़

इस साल बिजली बिल की बकाया राशि 168 करोड़ 66 लाख रूपए पहुंच चुकी है जबकि मार्च 2023 में यह राशि 120 करोड़ 32 लाख रूपए थी, इस लिहाज से इस साल 48 करोड़ रूपए अधिक है। वहीं पिछले मार्च में निजी उपभोक्ताओं से 28 करोड़ 54 लाख की वसूली की जानी थी, इस बार विद्युत विभाग को 32 करोड़ 66 लाख रूपए की वसूली करनी है।

### वन टाइम सेटलमेंट भी

हाल ही में बिजली विभाग ने साल 2023 के डिस्कनेक्शन और बकायादारों के लिए रियायत देते हुए उन्हें वनटाइम सेटलमेंट स्कीम के तहत भुगतान की सुविधा देने जा रही है, वे उपभोक्ता जिन्होंने बिजली बिल का भुगतान नहीं कराया है और लाइन काट दी गई है ऐसे उपभोक्ता विभाग में आवेदन प्रस्तुत कर भुगतान कर सकते है। ऐसे उपभोक्ताओं को सरचार्ज और अन्य पेनाल्टी से रियायत देकर एकमुक्त भुगतान करना होगा और वे पुनः कनेक्शन प्राप्त कर सकेंगे।

### की जाएगी कार्रवाई

मार्च से पहले बकायादारों को नोटिस दिया जाता है, लेकिन इस बार थोड़ा विलंब हुआ है, जोन कार्यालय द्वारा कार्रवाई भी की जा रही है। सरकारी विभाग के बकाया देर सवेर प्राप्त हो जाता है, लेकिन निजी उपभोक्ताओं पर जल्द ही ठोस कार्रवाई की जाएगी।

**-पीआर साहू,** एसई, विद्युत विभाग

# केमिस्ट्री से प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है हर किसी का जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय सिंपोसिया का आयोजन किया गया। यह रिसेंट ट्रेंड्स इन केमेस्ट्री एंड इट्स एप्लीकेशन विषय पर आयोजित किया गया।

- **सीवीआरयू में राष्ट्रीय सिंपोसिया पर वक्ताओं ने दिए व्याख्यान**

इस अवसर पर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक नो लॉ जी शिबपुर वेस्ट बंगाल के प्रो झुमा गांगुली एवं केमिस्ट्री स्कूल ऑफ अप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटी हल्दीया इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी वेस्ट बंगाल के प्रो गौरी शंकर राय महापात्रा अतिथि वक्ता थे। यह आयोजन केमिस्ट्री विभाग, आइक्यूएसी एवं गवर्नमेंट एसपीएम कॉलेज सीतापुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस अवसर पर बंगाल के प्रो जुमा गांगुली व प्रो असीमा चैटर्जी मेमोरियल ने व्याख्यान दिया।

वेस्ट बंगाल के प्रो गौरी शंकर राय महापात्रा ने कहा कि इंडियन फादर ऑफ केमिस्ट्री आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे मेमोरियल लेक्चर दिया। उन्होंने प्रफुल्ल चंद्र रे के जातीयता बोध के बारे में जानकारी दी। उनका समाज के प्रति योगदान को बताया। विश्वविद्यालय की सम कुलपति प्रो जयति चटर्जी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति केमिस्ट्री से अलग नहीं है। सुबह से लेकर शाम तक अपनी जीवन शैली में केमिस्ट्री के साथ होते हैं। हर किसी का जीवन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से केमिस्ट्री से जुड़ा है। चाहे वह पर्यावरण हो, स्वास्थ्य हो या जीवन के अन्य क्षेत्र। इसलिए हर व्यक्ति को एक बार केमिस्ट्री को जानने और समझने की जरूरत है। इस अवसर पर विषय से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें शोधार्थी और विद्यार्थी उत्साह से हिस्सा लिए।

कार्यक्रम में साइंस के संकाय अध्यक्ष डॉ एके श्रीवास्तव ने शोधार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ रश्मि वर्मा ने स्वागत भाषण दिया।






कार्यक्रम में उपस्थित शोधार्थी छात्र-छात्राएं व प्राध्यापक।

### यंग साइंटिस्ट अवार्ड

इस अवसर पर जेम्स पर्किंस एवं सुखदेव राय महापात्रा मेमोरियल अवार्ड भी प्रदान किया गया। जिसमें 4 शोधार्थियों और विद्यार्थियों को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसमें सौम्या शर्मा, वर्षा वर्मा, प्रदीप राणा, शारदा लासकर शामिल हैं।

## दादी जानकी को चौथी पुण्य स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि दी



**बिलासपुर।** प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा मे दादी जानकी के निमित्त परमात्मा को भोग स्वीकार कराया गया। मंजू दीदी ने कहा कि दादी के महावाक्य आज भी स्मृति मे ऐसे बसे है कि लगता ही नहीं कि उन्हें अव्यक्त हुए चार वर्ष हो गए।

आज भी दादियां सूक्ष्म रूप मे उपस्थिति का अनुभव कराती है। जानकी दादी दिल की सच्चाई, सफाई और सादगी की जीती जागती मूर्ति थी। योगबल से शरीर के कर्मभोग चुकतू कर कर्मातीत स्थिति का अनुभव करते यज्ञ मे सबसे लंबी आयु तक सेवा देने वाली अथक सेवाधारी की मिसाल बनी। परमात्मा कहते है जब आत्मा स्वस्थ है तब तन का रोग कष्ट का अनुभव नहीं कराते। आत्मिक शक्ति के आधार पर सदा स्वस्थ और संतुष्ट जीवन का अनुभव राजयोग से संभव है। यही शिक्षा दादी जानकी ने विश्व को दिया। अंत मे सभी को भोग वितरण किया गया।

## लोकसभा चुनाव के चलते एयू ने किया परीक्षा टाइम टेबल में परिवर्तन, जून में होंगे पर्चे

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव में कालेजों की परीक्षा आ रही थी, इसलिए अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने परीक्षा टाइम टेबल में गुरूवार को थोड़ा परिवर्तन किया है। लोकसभा चुनाव के आसपास होने वाले विषयों के पेपरों की तिथियों में परिवर्तन किया गया है और ये पर्चे जून में होंगे।

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए जिन पेपरों में परिवर्तन किया गया है, उनमें 6 मई को होने वाले बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, इकोनॉमिक्स फर्स्ट, बीए द्वितीय वर्ष इकोनामिक्स फर्स्ट, बीए तृतीय इकोनॉमिक्स फर्स्ट स्थगित पर्चे शामिल हैं, ये सभी पेपर अब 3 जून को होंगे। बीएड प्रथम वर्ष लैंग्वेज प्रोफिसिएंसी की परीक्षा जो 6 मई को होनी थी, वह अब 3 जून को होगी। इसी तरह 8 मई को होने वाली बीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की इकोनॉमिक्स द्वितीय की परीक्षा अब 5 जून को होगी। छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव होना है, जिसके तहत 19 अप्रैल को प्रथम, 26 अप्रैल को द्वितीय व 7 मई को तृतीय चरण के लिए वोटिंग होना है। इधर कालेजों में मुख्य परीक्षा भी चालू हो गई है और उक्त वोटिंग वाले तिथियों सहित उसके आसपास के तिथियों में भी परीक्षा पहले से तय था। ऐसे में चुनाव के लिए वोटिंग एवं परीक्षा एक साथ होना मुश्किल था, क्योंकि स्टूडेंट्स को भी चुनाव में वोट डालने जाना होता है। इसके अलावा जिन कालेजों में परीक्षा चल रही है, उन्हीं कालेजों को मतदान केन्द्र भी बनाया जाता है। इसलिए चुनाव की घोषणा के बाद से परीक्षार्थी असमंजस में थे। इसलिए यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने चुनाव तिथि के आसपास के परीक्षा टाइम टेबल में संशोधन करने का निर्देश परीक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए थे।

### संशोधित की गई है तिथि

लोकसभा चुनाव तिथि के आसपास के कुछ विषयों की परीक्षा स्थगित की गई है ताकि छात्र-छात्राएं भी मतदान में हिस्सा ले सकें। स्थगित की गई पेपरों को बाद में लिया जाएगा, जिसकी संशोधित तिथि घोषित कर दी गई है।

**-तरूणधर दीवान**
परीक्षा नियंत्रक, एयू

## महिला आयोग में शिकायतों के मामले में बिलासपुर जिला दूसरे नंबर पर

**बिलासपुर।** राज्य महिला आयोग में शिकायतों के मामले में बिलासपुर जिला दूसरे नंबर पर है। यहां साल भर में 167 शिकायतें की गई हैं। रायपुर सबसे आगे है, जहां 522 शिकायत की गई हैं। अधिकांश आवेदन और शिकायत पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद के हैं। कुल मिलाकर साल भर में प्रदेश भर से 1118 शिकायतें की गईं, जिसमें से 590 शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है।

- **1118 शिकायतें की गईं जिसमें से 590 का निराकरण**

महिला आयोग की सुनवाई और प्रकरण को जांच के लिए सिविल कोर्ट जैसे अधिकार प्राप्त होते हैं। केस की संवेदनशीलता को देखते हुए इन पर कार्रवाई की जाती है। आरोपी पाए जाने पर लोगों पर सख्त कार्रवाई भी की जाती है या फिर काउंसलिंग के जरिए मामलों का निराकरण भी किया जाता है। महिला आयोग के मुताबिक आयोग में शिकायत के लिए कोई शुल्क नहीं देना होता बल्कि सादे कागज में आवेदन करके भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। आयोग के मुताबिक इस साल कुल 1118 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। 531 प्रकरण पिछले साल के भी हैं। इसमें 590 का निराकरण किया गया है तो वहीं 1059 केस प्रक्रियाधीन है।

गौरतलब है कि महिला आयोग में महिलाओं को उत्पीड़न, हिंसा, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना, आर्थिक प्रताड़ना, सामाजिक बहिष्कार, कार्यस्थल पर प्रताड़ना, महिला अधिकारों का उल्लंघन, महिलाओं के कानूनी अधिकार के संरक्षण और उनसे जुड़े मुद्दे राज्य महिला आयोग में दर्ज कराए जा सकते हैं।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मचारियों को मिला महाप्रबंधक स्तरीय पुरस्कार

# 8 अफसर और 61 कर्मचारियों को प्रथम विशिष्ट रेल सेवा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दपूमरे द्वारा प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर) का आयोजन 28 मार्च को नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट सभागार बिलासपुर में किया गया। इसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले 8 अधिकारी एवं 61 कर्मचारियों को महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कुमार थे। इस अवसर पर सेक्रो अध्यक्षा डा. वनिता जैन सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित समस्त विभागाध्यक्ष, तीनो रेल मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक तथा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। भारत में पहली बार रेल का शुभारंभ 16 अप्रैल 1853 में मुम्बई से थाणे के मध्य रेल चलाकर की गई थी। इस ऐतिहासिक घटना की याद में रेल मंत्रालय सहित सभी क्षेत्रीय रेलवे, वर्कशाप, यूनिटों एवं मंडलों में हर साल रेल सप्ताह मनाया जाता है। रेल सप्ताह समारोह में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गत वित्तीय वर्ष में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया जाता है। इसी कड़ी 28 मार्च को आयोजित प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर) समारोह में मुख्य अतिथि रेलवे महाप्रबंधक आलोक ने समारोह का शुभारंभ किया। उप महाप्रबंधक (सा.) समीर कान्त माथुर ने भारतीय रेलवे के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। महाप्रबंधक आलोक कुमार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान दपूमरे की उपलब्धियों एवं उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए सभी कर्मियों का आभार व्यक्त किया।



### सतपुड़ा शील्ड से नवाजा गया बिलासपुर-नागपुर

समारोह में वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले 8 अधिकारी एवं 61 कर्मचारियों को महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी रेल मंडलो एवं विभागों को शील्ड वितरण किया गया। उत्कृष्ट कार्यो के लिए तीनों रेल मंडलों के विभिन्न विभागों के मध्य 52 उत्कृष्टता शील्ड प्रदान की गई। साथ ही हर मापदंड पर बेहतर कार्य करने के लिए तीनों मंडलों में से बिलासपुर एवं नागपुर रेल मंडल को ओवर आल इफेसिएनसी सतपुड़ा शील्ड से नवाजा गया है।

## बच्चों ने किया योग प्रणायाम सुदर्शन क्रिया का अभ्यास



**बिलासपुर।** शिवशक्ति मेडिटेशन हॉल में 19 मार्च से 24 मार्च तक उत्कर्ष योग 8 से 12 वर्ष एवं मेधा योग 13 से 18 वर्ष का आयोजन किया गया। जिसमें 40 बच्चों ने भाग प्राणायाम, योग और सुदर्शन क्रिया के साथ- साथ जीवन मूल्यों का ज्ञान अर्जित किया। जिसके नियमित अभ्यास से तनाव से मुक्ति, एकाग्रता में वृद्धि और मन की शांति मिल सकती है। यह प्रोग्राम आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक डॉ श्वेता अग्रवाल, रूपा सिंग, शालिनी साहू, कामना बलैय्या और संदीप वझे द्वारा संचालित किया गया। कैंप के दौरान बच्चों ने जमकर मस्ती की एवं गुरूजनों द्वारा सीखाए गए योग की विभिन्न विधाओं का बखूबी प्रदर्शन किया।

2

बच्चों ने लिखा-सर पास कर दीजिए.. नहीं तो पापा करा देंगे शादी

## एग्जाम अपडेट

### सीए फायनल के लिए करेक्शन विंडो खुला, सुधार आज तक



**बिलासपुर।** सीए फायनल और इंटर कोर्सेस की मई परीक्षाओं की तैयारी में जुटे स्टूडेंट्स के लिए महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की गई है। द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने दोनों ही कोर्सेस की मई 2024 परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए पंजीकरण कर चुके छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा चुने गए परीक्षा शहर, ग्रुप और मीडियम में संशोधन का मौका दिए जाने की घोषणा हाल ही में 23 मार्च को की गई थी। इस क्रम संस्थान द्वारा एग्जाम एप्लिकेशन करेक्शन विंडो बुधवार 27 मार्च से ओपेन कर दी गई है। आईसीएआई द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, स्टूडेंट्स अपने परीक्षा फॉर्म में 27 मार्च की सुबह 10 बजे से 29 मार्च की रात 11.59 बजे तक संशोधन कर सकेंगे। इस अवधि में स्टूडेंट्स अपने एग्जाम सिटी, ग्रुप और मीडियम में बदलाव कर सकेंगे।

#### लोकसभा चुनावों के चलते बदला परीक्षा कार्यक्रम

इससे पहले आईसीएआई ने सीए फाइनल और इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों के लिए मई 2024 में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के कार्यक्रम में बदलाव की घोषणा 19 मार्च को की थी। नए टाइम-टेबल के अनुसार फाइनल ग्रुप-1 की परीक्षाएं 2, 4 और 8 मई को तथा ग्रुप 2 के एग्जाम 10, 14 और 16 मई को आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार, सीए इंटर के नए कार्यक्रम के अनुसार ग्रुप 1 एग्जाम 3, 9 व 9 मई तथा ग्रुप 2 की परीक्षाएं 11, 15 और 17 मई 2024 को आयोजित की जाएंगी।

#### ऐसे करें संशोधन

ऐसे में जिन स्टूडेंट्स को अपने पूर्व में सबमिट किए गए परीक्षा फॉर्म में सुधार करना है, वे आईसीएआई के पोर्टल **eservices.icai.org** पर अपनी पंजीकृत यूजर आइडी और पासवर्ड से लॉग-इन करके संशोधन कर सकेंगे। दूसरी तरफ, इस परीक्षा के विभिन्न अपडेट संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट, **icai.org** पर जारी किए जाएंगे। ऐसे में स्टूडेंट्स इस वेबसाइट समय-समय पर विजिट करते रहें।

## एडमिशन अपडेट

### केंद्रीय विद्यालयों में एडमिशन अगले माह, अधिसूचना शीघ्र




**बिलासपुर।** केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। पहली कक्षा में एडमिशन के लिए आगामी कुछ दिनों के भीतर आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी हो सकता है। केवीएस के टेस्टिंग पोर्टल पर यह जानकारी दी गई थी कि पहली कक्षा में प्रवेश के लिए 1 अप्रैल फॉर्म भरे जाएंगे। पैरेंट्स के पास आवेदन करने के लिए कितने दिन मिलेंगे, इसकी जानकारी पोर्टल पर नहीं दी गई थी। लेकिन इस सूचना के जारी होने के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि मार्च अंत तक केवीएस पहली कक्षा के लिए आधिकारिक सूचना जारी कर सकता है। जो पैरेंट्स अपने बच्चे का एडमिशन केवीएस स्कूलों में कराने का सोच रहे हैं तो अभी से कुछ दस्तावेजों को तैयार रखें, जिससे उन्हें फॉर्म भरते वक्त दिक्कत न हो। जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पीडब्ल्यूडी प्रमाण पत्र, बच्चे की तस्वीर, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र वैलिड फोन नंबर, वैलिड ईमेल एड्रेस सहित अन्य दस्तावेज तैयार रखें।

#### न्यूनतम आयु 6 वर्ष

केंद्रीय विद्यालय कक्षा 1 में एडमिशन के लिए बच्चे की उम्र 6 साल होनी चाहिए। इससे कम आयु वाले कैंडिडेट्स का फॉर्म पहली कक्षा के लिए मान्य नहीं होगा। इसलिए पैरेंट्स इस बात का ध्यान रखें। बता केंद्रीय विद्यालय पहली कक्षा में दाखिले के लिए हर साल नोटिफिकेशन जारी किया जाता है। इसके बाद ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाती है। कैंडिडेट्स को निर्धारित अवधि के भीतर एप्लिकेशन फॉर्म भरने की अनुमति दी जाती है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाती है।

### नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के नतीजे घोषित, 274 पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर।** नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर के जनरलिस्ट और स्पेशलिस्ट कैडरों में 274 पदों पर भर्ती के लिए निर्धारित चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पहले चरण में आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। कंपनी द्वारा एओ प्रीमिल्स के नतीजे मंगलवार 26 मार्च को घोषित किए गए। इसके साथ ही एनआईसीएल ने फेज में प्रदर्शन के आधार पर अगले चरण फेज-2 में सम्मिलित होने के लिए क्वालिफाई किए कैंडिडेट्स के रोल नंबर भी जारी कर दिए हैं। ऐसे में जो उम्मीदवार एनआईसीएल द्वारा 4 मार्च को आयोजित फेज-1 परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, वे इस चरण में सफल घोषित उम्मीदवारों की लिस्ट में अपना रोल नंबर कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर कॅरियर सेक्शन में एक्टिव लिंक से देख सकते हैं।

### पूरे नौ दिनों तक देवी मां की होगी अलग-अलग स्वरूपों की पूजा

# चैत्र नवरात्रि 9 से, अभिजीत मुहूर्त में होगी घट स्थापना

शहर के मंदिरों में चल रही भव्य तैयारी, घट स्थापना के लिए कक्ष किए जा रहे सुसज्जित बिलासपुर। इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरूआत मंगलवार 9 अप्रैल से हो रही है। इस दिन शहर के देवी मंदिरों में अभिजित मुहुर्त में घट स्थापना होगी। 9 दिनों तक चलने वाली चैत्र नवरात्रि में अलग-अलग दिन देवी की अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होगी।

**बिलासपुर।** चैत्र महीने के प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 8 अप्रैल को रात्रि 11 बजकर 51 मिनट पर होगी। इसका समापन अगले दिन 9 अप्रैल को रात्रि 8 बजकर 29 मिनट पर होगा। उदया तिथि को देखते हुए 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होगी। इन 9 दिनों में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की श्रद्धा और आस्था के साथ पूजा की जाएगी।

#### अनुष्ठान के लिए कर रहे प्रेरित



गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में नवरात्रि पर 24 हजार गायत्री मंत्र का जप, अनुष्ठान के लिए साधकों को प्रेरित किया जा रहा है। नवरात्रि से पहले मां गायत्री की विशेष श्रृंगार कर वस्त्र बदले जाएंगे। इसके बाद पूरे नवरात्रि के दौरान देवी की विशेष पूजा, आरती का क्रम चलेगा।

#### दुर्गा शप्तशती का होगा पाठ

जरहाभाटा स्थित दुर्गा मंदिर में नवरात्रि के मद्देनजर रंग-रोगन व पुताई का काम चल रहा है। कलश प्रज्जवलन करने रसीद काटी जा रही है। मंदिर के पुजारी पं. ईश्वर प्रसाद पाण्डेय द्वारा दुर्गा शप्तशती का पाठ किया जाएगा। नवदुर्गा शक्तिपीठ के सदस्यों ने बताया कि श्रद्धालुओं के दर्शन, पूजन की विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसी तरह काली मंदिर तिफरा, मरीमाई मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में नवरात्रि की तैयारी की जा रही है।

#### बन रहा कई शुभ संयोग

ज्योतिषियों के अनुसार 30 साल बाद ऐसा संयोग बना है, जब हिंदू नववर्ष विक्रम संवत की शुरुआत कई शुभ योगों में होने जा रहा है। 9 अप्रैल को हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 के पहले दिन अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और शश राजयोग का संयोग बन रहा है। वहीं विक्रम संवत 2081 के राजा मंगल और मंत्री शनिदेव होंगे. जिनका पूरे वर्ष सभी राशियों पर प्रभाव बना रहेगा।

#### मंदिरों में तैयारियां जोरों पर

शहर के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर चल रही है। सदर बाजार स्थित श्री हरदेव लाल मंदिर में साफ-सफाई कर कलश प्रज्जवलन के लिए कक्ष को सुसज्जित किया जा रहा है। इस नवरात्रि यहां तेल व घी के ढाई सौ कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। हरदेवलाल मां भगवती ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने बताया कि नवरात्रि के दौरान पूरे नौ दिनों तक पं. अर्जुन मिश्रा के सानिध्य में सुबह-शाम पूजा व अठोतरी बाती से आरती की जाएगी। अष्टमी पर कन्या भोजन व नवमीं के दिन हवन, पूर्णाहुति की जाएगी। नवरात्रि कार्यक्रम को सफल बनाने ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष कमल सोनी, महामंत्री अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुबोध खंडेलवाल सहित अन्य पदाधिकारी जुटे हैं।

#### नववर्ष पर होंगे विविध आयोजन

हिंदू नव वर्ष की शुरूआत चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होगी। इस दिन शहर में कई आयोजन होंगे। इस समय हिंदू कैलेंडर का आखिरी महीना चल रहा है। इस आखिरी महीने को फाल्गुन माह के नाम से जाना जाता है। चैत्र माह की शुरूआत 26 मार्च से हो चुकी है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिप्रदा तिथि पर ब्रह्माजी ने सृष्टि का आरंभ किया था, इसलिए चैत्र हिंदू नववर्ष का पहला महीना बना। महाराष्ट्र सहित कुछ राज्यों में हिंदू नववर्ष के दिन गुड़ी पाड़वा पर्व मनाया जाता है। हिंदुओं के लिए हिंदू नववर्ष काफी महत्वपूर्ण होता ही है।

### पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में रूद्र चण्डी यज्ञ सहित होंगे विविध आयोजन



सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में 9 से 17 अप्रैल तक वार्षिक महोत्सव द्वितीय वर्ष रुद्र चण्डी महायज्ञ, श्रीमद् देवी भागवत श्री प्राण-प्रतिष्ठा, चैत्र वासंत नवरात्र उत्सव की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। श्रद्धालुगण अधिक से अधिक से संख्या में सपरिवार भाग लेकर वासंती चैत्र नवरात्र में श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी, श्री मनोकामना घृत ज्योति कलश, श्री शारदेश्वर पारदेश्वर शिवलिंग, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का दर्शन लाभ, यज्ञ परिक्रमा कर श्रीमद् देवी भागवत कथा का श्रवण लाभ लें। पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महराज ने बताया कि 9 अप्रैल मंगलवार चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा कलश यात्रा, पञ्चांग पूजन, यज्ञ मण्डप प्रवेश, श्री मनोकामना घृत अखण्ड ज्योति कलश प्रज्ज्वलन, ध्वजारोहण, देव प्रतिष्ठा, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ प्रारंभ होगा। 10 अप्रैल बुधवार को श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव रूद्राभिषेक नमक चमक होगा। 14 अप्रैल रविवार, चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी को अधिवास पूजन प्रारंभ होगा। जिसमें अधिवास-जलाधिवास, अन्नाधिवास, घृताधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास, शय्याधिवास शामिल है। 15 अप्रैल सोमवार को श्री गणेश, श्री हनुमान, श्री भैरव की प्राण-प्रतिष्ठा अभिजीत मुहुर्त में की जाएगी। 16 अप्रैल को अष्टमी पर कन्या पूजन, अग्नि स्थापना, हवन श्री दुर्गा सप्तशती का किया जाएगा।

## गुड फ्रायडे पर गिरजाघरों में आराधना आज यीशू की कही गई वाणी का होगा मनन

बिलासपुर। शहर के गिरजाघरों में शुक्रवार 29 मार्च को गुड फ्रायडे मनाया जाएगा। इस दिन दोपहर में प्रभु की आराधना की जाएगी। प्रभु यीशु द्वारा क्रूश पर कही गई वाणियों पर मनन, चिंतन किया जाएगा।



गुड फ्रायडे मसीही समाज के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला वह त्योहार है, जिसे शोक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस साल गुड फ्राइडे 29 मार्च को है। कहते हैं कि यहूदी शासकों ने ईसा मसीह को यातनाएं देने के बाद सूली पर चढ़ाया था उस दिन शुक्रवार था। ईसा मसीह ने मानव जाति के लिए हंसते-हंसते अपना जीवन कुर्बान कर दिया, इसलिए इस शुक्रवार को मसीही समाज के लोग 'गुड फ्रायडे' के रूप में मनाते हैं।

#### दिन में छा गया अंधेरा

ईसाई धर्म के पवित्र बाइबिल में यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने की घटना के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया है। प्रभु यीशु को पूरे 6 घंटे तक सूली पर लटकाया गया था। बताया जाता है कि आखिरी के 3 घंटों में चारों ओर अंधेरा छा गया था। जब यीशु के प्राण निकले तो एक जलजला सा आया। कब्रों की कपाटें टूटकर खुल गईं। दिन में अंधेरा हो गया। माना जाता है कि इसी वजह से गुड फ्रायडे के दिन चर्च में दोपहर में प्रार्थना सभा होती हैं।

#### क्षमा व कल्याण के निकले शब्द

सूली पर लटकाने से पहले कांटों का ताज तक पहना दिया गया तो भी उनके मुख से सभी के लिए सिर्फ क्षमा और कल्याण के संदेश ही निकले। यह उनके क्षमा की शक्ति की अद्भुत मिसाल मानी गई। प्रभु यीशु के मुख से मार्मिक शब्द- 'हे ईश्वर इन्हें क्षमा करें, क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं' निकला।

#### देते थे भाईचारे, एकता का उपदेश

ईसा मसीह यरुशलम में रहकर मानवता के कल्याण के लिए भाईचारे, एकता और शांति के उपदेश देते थे। सभी लोगों ने उन्हें परमपिता परमेश्वर का दूत मानना शुरू कर दिया। फिर एक दिन उन पर राजद्रोह का मुकदमा चलाकर उन्हें सूली पर चढ़ाए जाने का फरमान जारी कर दिया गया।

## संकष्टी चतुर्थी पर राममंदिर तिलकनगर गणेश मंदिरों में विशेष पूजा अभिषेक





**बिलासपुर।** संकष्टी चतुर्थी पर शहर के गणेश मंदिरों एवं राममंदिर तिलक नगर में विशेष पूजा अर्चना की गई। तिलक नगर राम मंदिर में 618 भक्तों ने संकष्टी चतुर्थी अभिषेक कराया। भगवान का आज का श्रृंगार मंदिर समिति की ओर से करवाया गया।

अभिषेक, पूजा आचार्य मधुसूदन अडबे, गजानन पेंढारकर, चिंमय चिंचोलकर, उदय वारे, मनोज दिघ्रस्कर ने संपन्न कराया। आगामी संकष्टी चतुर्थी अभिषेक 27 अप्रैल शनिवार को होगा। पूजा के बाद चने का प्रसाद वितरण किया गया। अभिषेक के लिए रसीद कटवाने वालों के लिए भी प्रसाद की व्यवस्था पूर्ववत रही। वहीं गणेश मंदिर रेल्वे में सुबह शाम भगवान गणेश की पूजा कर अभिषेक किया गया। गणपति हवन हुआ। शाम को अभिषेक आरती के बाद 1008 के प्रसाद चढ़ाए गए। मन्नत के लिए आए लोगों ने भी मोदक का प्रसाद भगवान को चढ़ाया। सरकंडा स्थित गणेश मंदिर में भी संकष्टी चतुर्थी पर विशेष पूजा अभिषेक हुआ। सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालु भक्तों की भीड़ लगी रही।

**कार्नर न्यूज**

### सामाजिक संगठनों ने किया होली मिलन का आयोजन

# रंगों के साथ खेली होली, लोगों को दी बधाइयां

#### आरती को मूर्खाधिराज की उपाधि



**बिलासपुर।** बिलासपुर क्लब का होली मिलन समारोह गुरुवार को आफिसर्स क्लब में आयोजित किया गया। इसमें आरती खंडेलवाल को मूर्खाधिराज की उपाधि से विभूषित किया गया। पंचुअल्टी का इनाम उर्मिल मल्होत्रा को मिला। होली गेम में मंजू भार्गव प्रथम, सुधा साव द्वितीय, विद्या भारत को तृतीय स्थान मिला। मीरा मिश्रा ने होली के उपलक्ष्य में सबका टायटल पढ़कर सुनाया।

#### मित्र मंडल ने मनाई होली

मित्र मंडल नेहरू नगर होली मिलन समारोह में मित्र मंडल के सदस्यगण पानी बचाने के संकल्प के साथ एक दूसरे को गुलाल लगाकर सूखी होली खेली। इस अवसर पर सुजीत गुप्ता, शुभांगी प्रीति गुप्ता,एस के जुनेजा, रविन्द्र मिश्रा, देवेन्द्र सिंह कालरा,विजय गंगवानी, राजेश सोमावार, आम्रपाली सोमावार, संगीता अनेवार,नेहा अग्रवाल आदि शामिल थे।




#### वसुंधरा नगर में मनी होली

जीनीयस कोचिंग वसुंधरा नगर स्थित परिसर पर होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस अवसर पर जीनियस कोचिंग की अध्यक्ष ममता साहू द्वारा बच्चों को रंग गुलाल टोपी मुखौटा पिचकारी व अन्य सामान का वितरण किया गया।



#### फाग उत्सव का किया आयोजन



आर्टआफ लिविंग परिवार ने होली मिलन समारोह ज्ञान क्षेत्र कोटा रोड, पंडरी ग्राम में मनाया। इस अवसर पर होलिका दहन, फाग गीत और सत्संग की मस्ती के साथ विभिन्न प्रकार के फूड स्टाल, गेमिंग जोन के कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों को होली के त्यौहार का अनूठा अनुभव दिया।

# पहले झेला रिजेक्शन, अब अदाकारी से लूटते हैं वाहवाही

*मुंबई। जिंदगी में हर किसी को कभी न कभी रिजेक्शन का सामना जरूर करना पड़ता है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में मौजूदा समय में कई ऐसे सितारे हैं जिनकी फैन फॉलोइंग करोड़ों में है। वे अपनी फिल्मों से लोगों के दिलों पर राज करते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि इनमें से कुछ बड़े नाम अपने करियर के शुरुआती दौर में ऑडिशन के दौरान रिजेक्शन का सामना कर चुके हैं।*



## रणवीर सिंह

*रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, पद्मावत, सिम्बा, गली बॉय जैसी फिल्मों में अपनी शानदार अदाकारी से लोगों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले रणवीर सिंह आज फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम है। हालांकि, शुरुआती दौर में पैर जमाने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा था। एक साक्षात्कार के दौरान निर्देशक अनुराग कश्यप ने खुलासा किया था कि शैतान के ऑडिशन के दौरान रणवीर को उन्होंने रिजेक्ट कर दिया गया था।*

## आलिया भट्ट

इस लिस्ट में आलिया भट्ट का नाम भी शामिल है। गंगूबाई काठियावाड़ी, उड़ता पंजाब, राजी और गली बॉय जैसी फिल्मों में उन्होंने शानदार अभिनय से लोगों के दिल जीते हैं। हालांकि, बहुत कम ही लोगों को यह बात पता है कि वे भी ऑडिशन में रिजेक्ट हो चुकी हैं। आलिया ने कथित तौर पर 17 साल की उम्र में वेक अप सिड के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन यह फिल्म उनके हाथ नहीं लग सकी थी।





## विक्की कौशल

विक्की कौशल ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में खास मुकाम हासिल कर लिया है। फिल्म सैम बहादुर और डंकी में उनकी अदाकारी को लोगों ने खूब पसंद किया। मसान, राजी, मनमर्जियां में प्रभावशाली जैसी फिल्मों में वे अपनी एक्टिंग से लोगों को प्रभावित कर चुके हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि विक्की ने भाग मिल्खा भाग के लिए ऑडिशन दिया था? हालांकि, राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म उन्हें नहीं मिल सकी थी।

## रणबीर कपूर

रणबीर कपूर मौजूदा समय के सबसे बड़े फिल्म सितारों में से एक हैं। उनकी फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की है। हर बड़े से बड़ा डायरेक्टर आज उनके साथ फिल्म बनाना चाहता है, लेकिन एक ऐसा भी समय था जब उन्हें रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था। कम ही लोग जानते हैं कि रणबीर ने फिल्म द रिलक्टेंट फंडामेंटलिस्ट के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन निर्देशक मीरा नायर ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया था, क्योंकि वे उस भूमिका में फिट नहीं थे।





## दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण न केवल बॉलीवुड में एक बेहतरीन कलाकार के रूप में पहचानी जाती हैं बल्कि हॉलीवुड भी उनकी बेहतरीन एक्टिंग का लोहा मान चुका है। बॉलीवुड की टॉप की अभिनेत्रियों में शुमार होने वाली दीपिका भी रिजेक्शन का दर्द झेल चुकी हैं।

# कलाकारों की सभी फिल्में हिट नहीं होती



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोत इन दिनों काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। दरअसल, हाल ही में उन्होंने 2024 में बीजेपी की टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। अब एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने करियर पर भी खुलकर बात की है। इंटरव्यू में जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह राजनीति में इसलिए आ रही हैं, क्योंकि उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं। चलिए जानते हैं उन्होंने इस सवाल का क्या जवाब दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में कंगना रनोत ने अपने कैंरियर पर बात की।

वाल का जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे कई स्टार्स हैं, जिनकी हर फिल्म हिट नहीं होती। इसके बाद उन्होंने शाहरुख खान का उदहारण देते हुए कहा कि उनकी 10 साल तक फिल्में नहीं चली, फिर पठान चली। मेरी भी 7-8 साल तक कोई मूवी नहीं चली, फिर क्वीन चली। इसके बाद कुछ अच्छी आईं, 3-4 पहले मणिकर्णिका चली।

* **मुंबई।** 'एनिमल' में अबरार का खूंखार किरदार निभाने वाले बॉबी देओल की झोली अब फिल्मों से भरती जा रही है। साउथ में सूर्या की 'कंगुवा' के बाद उनके हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। बॉबी देओल की यशराज की स्पाई यूनिवर्स में एंट्री हुई है।

## विक्रांत की 'द साबरमती रिपोर्ट' का टीजर रिलीज



**मुंबई।** '12वीं फेल' से जलवा दिखाने वाले विक्रांत मैसी अब एक और फिल्म के साथ हाजिर हैं 'द साबरमती रिपोर्ट', जिसकी काफी दिनों से चर्चा थी। इस फिल्म में गोधरा अग्निकांड की कहानी दिखाई जाएगी। कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने इसका एक वीडियो रिलीज किया था, और अब टीजर रिलीज किया है। 'द साबरमती रिपोर्ट' में मेकर्स दिल को झकझोर देने वाली कहानी लेकर आ रहे हैं, जो 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में घटी थी। उस दिन साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बों में लगी आग में कई लोग जिंदा जल गए थे। करीब 59 लोगों की जानें चली गई थीं। उस खौफनाक घटना को 22 साल हो गए, पर वो जख्म आज भी ताजा हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' के टीजर में उन चीजों की झलक दिखाई गई है, जो 22 साल से छुपे हुए थे। लेकिन इसे बाहर लाने में विक्रांत मैसी, रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना जी-जान से लगे हुए हैं।

## फिल्म 'क्रू' की एडवांस बुकिंग शुरू




**मुंबई।** कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'क्रू' की रिलीज के लिए तैयार है। शुक्रवार को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से दर्शकों के बीच इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, इसके गाने को भी खूब पसंद किया जा रहा है। इस बीच फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है, जिससे उम्मीद है कि फिल्म को फर्स्ट डे अच्छी ओपनिंग मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'क्रू' ने अपने एडवांस बुकिंग कलेक्शन में 4431 शो के लिए 31,126 टिकट बेचे हैं, जिससे फिल्म ने रिलीज से पहले लगभग 72 लाख रुपये की कमाई कर ली है। मेकर्स को उम्मीद है कि अभी आंकड़ों में और बढ़ोत्तरी हो सकती है, जिससे फर्स्ट डे फिल्म को अच्छी ओपनिंग मिल सकती है।

# अजय-शाहरुख आंखों से करते हैं बातें : प्रियामणि

एजेंसी ⏭ मुंबई

'मैदान' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में अजय देवगन के साथ प्रियामणि मुख्य भूमिका में हैं। प्रियामणि इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई अभिनेताओं के साथ काम किया है। ऐसे में अभिनेत्री ने हाल ही में अजय देवगन और शाहरुख खान के साथ काम करने पर खुलकर बात की। प्रियामणि इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'आर्टिकल 370' की सफलता का आनंद ले रही हैं। इसके बाद वह अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म मैदान की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान उन्होंने अजय देवगन की खूब तारीफ की। अभिनेत्री ने कहा, 'अजय देवगन बहुत अच्छे हैं। वह पूरी तरह से अलग हैं। वह इतने शानदार अभिनेता हैं कि वह अपनी आंखों से बहुत कुछ कह जाते हैं। मुझे अब भी वह समय याद है जब हमने साथ में शूटिंग की थी।' उन्होंने आगे कहा, 'जब भी हमने इमोशनल सीन शूट किए, मुझे याद है कि उनमें ज्यादा डायलॉग नहीं थे। फिर भी उन्हें बोलना नहीं पड़ता। उनकी आंखें, उनकी बॉडी लैंग्वेज और उनके एक्सप्रेशन बहुत कुछ कहते हैं।



# शादी के शोर के बीच दिखाई रिंग



**मुंबई।** एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपनी शादी की खबरों के बीच फाइनली चुप्पी तोड़ दी है। उन्होंने बता दिया है कि उनकी और सिद्धार्थ की शादी नहीं बल्कि सगाई हुई है। एक्ट्रेस ने गुरुवार को सिद्धार्थ के साथ एक फोटो शेयर की है और कैप्शन में उन्होंने साफ किया कि उनकी सगाई हो चुकी है। दोनों ने अपनी अंगूठियां भी फ्लॉन्ट कीं। अदिति ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 'उन्होंने हां कहा!' इंगेज्ड।' उन्होंने बैकग्राउंड में सिद्धार्थ की 'चिट्टा' के गाने का भी इस्तेमाल किया। इससे पहले, बुधवार से खबरें आ रही थीं कि अदिति और सिद्धार्थ ने 27 मार्च को तेलंगाना के एक मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी कर ली है, जो कुछ समय से रिलेशनशिप में हैं। रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया कि यह समारोह श्रीरंगपुर के श्री रंगनायकस्वामी मंदिर मंडपम में आयोजित किया गया था। उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट, संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' की रिलीज़ डेट की घोषणा भी नहीं की थी, जिससे अटकलों को और हवा मिल गई थी।


**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202/अ-20 (1) / 2023-2024
पक्षकार :- सुभाष पात्रे, पि. श्री श्रीराम पात्रे--आवेदक
विरुद्ध
छत्तीसगढ़ शासन ....................अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुभाष पात्रे पिता/पति श्री श्रीराम पात्रे निवासी बिलासा ताल के पीछे देव नगर कोनी बिलासपुर बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वत:/अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा शीट नंबर 04 प्लाट नंबर 68 रकबा 6x7 = 42 वर्गफीट भूमि को स्थायी पटटे पर आवासीय / व्यवसायिक उपयोग हेतू उसके नाम से स्वीकृत है। जिसका पटटा समाप्ति की तिथि 31/03/2024 के लिये आवेदक/आवेदिका अगले 30 वर्षो के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 22/4/2024 को स्वत:/ अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि/समय में आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नही होगा

आज दिनांक 20/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**





**// गुम सूचना //**

प्रार्थी बहोरिक यादव (बोदू) पिता नरेश यादव उम्र 24 वर्ष निवासी रमतला, थाना कोनी जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं। जो कि मेरा बड़ा भाई अजय यादव पिता नरेश यादव उम्र 31 वर्ष दिनांक 26/03/2024 को रात्रि 09.00 बजे घर से बिना बताये कही चला गया है जो अभी तक घर वापस नही आया है, जिसकी आसपास एवं रिश्तेदारों में पता तलाश किये किन्तु अब तक कोई पता नही चला। जिसकी हुलिया रंग गोरा, शारीरिक सामान्य कद करीब 5 फीट 7 इंच, चेहरा गोल, बाल काला है, हाफ चड्डा व काला लाईनिंगदार बनियान पहना है। हिन्दी छत्तीसगढ़ी भाषा बोलता है। मानसिक स्थित ठीक है सूचक की सूचना इंसान कायम कर पतासाजी में लिया गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना कोनी में गुम इंसान क्र. 21/2024 दिनांक 27/03/2024 कायम कर पता तलाश में लिया गया है।

कृपया अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्र में पता तलाश कर पता चलने पर थाना कोनी को सूचित करें।

जिस किसी व्यक्ति को दिखे कृपया इस नंबर पर संपर्क करें-मो. 6268776186, 7024606141 जानकारी देने वाले व्यक्ति को उचित ईनाम दिया जायेगा।

**थाना प्रभारी**
**कोनी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय नायब तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/वा ना. तह. / 2024
बिलासपुर, दिनांक 05/03/2024

मौजा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा प.ह.न. तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग) स्थित परिवर्तित/कृषि भूमि ख.न. 921/21, 921/2, 921/3, 927/1, 928/1, 929/1, 929/3, 930/6, 932/1, 1000/1 रकबा कुल 0.390 हे. वर्गफीट/एकड हेतु आवेदक/आवेदिका मोहम्मद तस्लीम आरिफ वगैरह पिता/पति मो. सलीम निवासी गणेश नगर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत ताबादलानामा/फौती नामांतरण / बैनामा रजिस्ट्री नामांतरण / वसीयत नामांतरण / दानपत्र नामांतरण / पंजीकृत हकत्याग नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 15/04/24 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आज दिनांक 05/03/24 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)



**न्यायालय कार्यपालका दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**//उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्र. ..... /ब-121/2023-24
ग्राम-खम्हरिया प.ह.नं. 13

एतद द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम खम्हरिया वालों को सूचित किया जाता है कि आवेदक फिरोज मेरसा पिता/पति खेलावन जाति सतनामी निवासी ग्राम नरोतीकापा तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर द्वारा अपनी दादी देवकुमारी रात्रे के मृत्यु 21.11.2017 को ग्राम पंचायत खम्हरिया में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 04.04.2024 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**न्यायालय कार्यपालका दण्डाधिकारी, जरहागांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**



**REGISTRY MISSING - GENERAL INFORMATION**

All the general public is informed that there is a house in our ownership and possession whose Mauza is Sirgitti P.H.No.- 41 R.NI. M. Sirgitti, Tehsil - Bilaspur Chhattisgarh. Khasra No. 262/2, Area is 0.04 acre, whose Registry date is 12/11/2010 book number A-1 volume no-18594, document serial number 3349, page number 11 to 20, the area is 0.016 (0.0170) hectare which I have purchased from Mrs. Snehlata Biswas, Husband Mr. Pramod Sharma.

In which the last 05 pages of my registry paper in which the book number, and other information are given, which are not available (Loss) for the 8 months.

Therefore, if anyone has any information or any kind of objection in this regard, please inform us along with the relevant document's.

**Name - Laxmi Narayan Vishwakaram**
**Father - Rajaram Vishwakarma**
**Address - Mahima Nagar Ward No.- 05, Street No. 01 Sirgitti Bilaspur Chhattisgarh.**
**Pin Code - 495001**
**Mobile Number - 7000657399**



**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल आवास योजनान्तर्गत, परसदा सकरी बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-249, आबंटी श्रीमती प्रतिभा यादव पति श्री कृष्ण कुमार यादव, को नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 06.04.2018 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत तृतीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक - 25.09.2019 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री मनीष कुमार तिवारी पिता श्री देवदत्त तिवारी के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-बिलासपुर**



**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजना अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एच. आई.जी. - II-02, (अंबर) आबंटी श्री अब्दुल रियाज खान पिता श्री अब्दुल रफीक खान, को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 15.06.2012 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता संयुक्तनाम 1. श्रीमती अंजली देवी श्रीवास पति श्री सुरेश कुमार श्रीवास 2.श्री सुरेश कुमार श्रीवास पिता श्री मनहरण श्रीवास, को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि कोउक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**



**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2024,
बिलासपुर, दिनांक 15.03.2024

श्री माधोदास आत्मज स्व. मदनलाल उम्र-31 वर्ष निवासी ग्राम सोढ़ी तहसील व थाना पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) एवं कुमारी अंजली अनंत आत्मजा स्व. गंगा प्रसाद उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 नगर पंचायत बोदरी थाना चकरभाठा तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 29.04.2024 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


माधोदास


अंजली अनंत

**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**



**समक्ष श्रीमान जिला न्यायाधीश बिलासपुर छ.ग.**
**पीठासीन श्री रमाशंकर प्रसाद**

आजू राम सूर्यवंशी ...... आवेदक
विरूद्ध
आम जनता व अन्य ...... अनावेदकगण

वि.प्र.क्र. MJC CIVIL-103/2024
प्रो. क्र. 1892
पेशी दिनांक 24.04.2024

**बनाम** -- 1/ आम जनता, जो इससे सबंधित हो

आवेदिका ने मौजा बेलमुण्डी प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित सहस्वामित्व एवं आधिपत्य की अपने हिस्से की भूमि ख.नं. 678 रकबा 2.24 एकड़ को नाबालिक होने के कारण अपनी माता श्रीमति हेमलता शास्त्री उम्र 45 वर्ष विधव गंगाराम शास्त्री निवासी सूर्यवंशी पारा तहसील सकरी जिला बिलासपुर के माध्यम से विक्रय की अनुमति प्राप्त करने आवेदन प्रस्तुत किया है इस न्यायालय में दिनांक 24/04/2024 को दिन के 11 बजे आवेदन का उत्तर देने के लिए नियत किया गया है। आपको निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन उन सब दस्तावेज को जवाब के साथ पेश करे जिन पर अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। यदि किसी कारण से नियत तारीख को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन न्यायाधीश अवकाश पर है तो अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

अतः आज दिनांक 22/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**(रमाशंकर प्रसाद)**
**न्यायाधीश जिला न्यायाधीश**
**बिलासपुर छ.ग.**



प्रोसेस कमांक- 739/24

**न्यायालय- चन्द्रकुमार अजगल्ले जिला न्यायाधीश मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**समंस**

आदेश 05 नियम 20 व्य. प्र. संहिता 1908
श्रीमती सुरूज बाई वगैरह............ अपीलार्थीगण
बनाम
श्रीमती बिंदा बाई वगैरह.............उत्तरवादीगण

1. श्रीमती सुरूज बाई 2. ज्ञान सिंह, 3. कल्याण सिंह, 4. कुंती बाई, 5. श्रीमती बृजबाई. 6. राजकुमार 7. श्रीमती अनिता 8. श्रीमती कुमारी बाई सभी निवासी ग्राम करूहानार तहसील-लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.).............अपीलार्थीगण

विरुद्ध

1. श्रीमती बिंदा बाई, 2. श्रीमती बुधवारा बाई, 3. ललीत कुमार, 4 ललेश, 5. विद्या, 6. शिवबती, 7. परमिला सभी निवासी ग्राम करूहानार, 8. श्रीमती ललिता बाई निवासी ग्राम- नवापारा राम्हेपुर, 9. गणेश, 10. प्रदीप, 11. रामप्यारी, 12. साधुराम, 13 लोमश सभी निवासी ग्राम करूहानार, 14 फागुराम निवासी गोड़खाम्ही, 15 जगत, 16, लेखन, 17. फागुराम, 18. मनोहर, 19 जनोहर निवासी ग्राम करूहानार 20. श्रीमती अमृत बाई ग्राम-झलरी, 21. श्रीमती सुमरित बाई ग्राम पथरताल सभी तहसील लोरमी, जिला- मुंगेली (छ.ग.) 22. छ. ग. शासन द्वारा जिलाध्यक्ष मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)....... उत्तरवादीगण

सिविल अपील क.- 26-अ / 2024
पेशी दिनांक- 15/04/2024
प्रोसेस कमांक- 739/24

एतद् द्वारा उत्तरवादी क्रमांक 05 विद्या पति स्वारथलाल, उत्तरवादी क्रमांक 09 गणेश पिता आजूराम, उत्तरवादी क्रमांक 16 लेखन पिता सोनसिंह सभी निवासी ग्राम करूहानार, तहसील-लोरमी, जिला-मुंगेली छ.ग. एवं उत्तरवादी कमांक 21 श्रीमती सुमरित बाई पिता फागुराम निवासी ग्राम-पथरताल, तहसील-लोरमी, जिला- मुंगेली (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि उत्तरवादीगण श्रीमती सुरूज बाई वगैरह ने मेरे न्यायालय में एक सिविल अपील पेश किया है जिस पर पेशी दिनांक 15/04/2024 को सुनवाई किया जाना है व उक्त प्रकरण मेरे न्यायालय में आपकी उपस्थिति एवं जवाब पेश करने के लिए नियत किया गया है। अत: आपको इस समंस के द्वारा सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसे मामले के बारे में पुरी जानकारी हो सुनवाई दिनांक 15/04/2024 को प्रात: 10:30 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है आपके अनुपस्थिति रहने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर सिविल अपील में अग्रिम सुनवाई की जावेगी। उक्त तिथि को किसी कारणवश अवकाश होने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश में होने पर मामले की सुनवाई अगामी न्यायालयीन कार्यदिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 14/03/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से समंस जारी किया गया।
दिनांक:-14/03/2024

**चन्द्रकुमार अजगल्ले**
**जिला न्यायाधीश**
**मुंगेली (छ.ग.)**


## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5465



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 5464 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | य | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | ट | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| श | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | इ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |

## सूडोकु नवताल- 5476

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5475 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## खबर संक्षेप

### अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन आज से

**तखतपुर।** श्रीराम चरित मानस अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन बिरगांव में 29 मार्च से 8 अप्रैल तक होगा। जिसमें आचार्य पं निखिल पाण्डेय, यजमान पूर्णिमा ध्रुव कुमार कश्यप होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में रामस्नेही, अशोक जायसवाल, विनोद कश्यप, डां सुमंतकुशराम, मुरितराम साहू, गणेश जायसवाल, शैलेंद्र कश्यप, गोपाल प्रसाद कश्यप, रामावातार साहू, होरी धुरी, नीरज खुसरो, जय यादव, राजकुमार धुरी, रेवा राम कश्यप, अनिल कश्यप, हेमकुमार, सतीश साहू, अनुप निषाद सहित अन्य लगे हुए है। श्रीराम चरित मानस सम्मेलन कल से तखतपुर। अखिल भारतीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन एवं श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 मार्च से 7 अप्रैल तक सांस्कृतिक भवन प्रांगण में आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य यजमान अंजनी देवी मदन तिवारी एवं भगवताचार्य स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, अशोक दुबे, भागवत साहू, कुंवरकांत देवांगन, जुगलकिशोर पाण्डेय, योंगेंद्र मिश्रा, श्रवण सिंह, महेंद्र पाण्डेय, सीपी दीक्षित, रोहन सिंह ठाकुर, डां रामगोपाल अग्रवाल, पूरन अग्रवाल, आचार्य धनंजय मिश्रा रहेंगे।

### रानीगांव में नवधा रामायण



**रानीगांव ।** ग्राम रानी गांव में अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के मुख्य आचार्य पं. दिलीप कुमार उपाध्याय अपनी वाणी से रामायण पाठ का रसपान श्रद्धालुओं को कराएंगे।

### श्रीराम चरित मानस ज्ञान यज्ञ 30 से

**तखतपुर।** अखिल भारतीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन एवं श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 मार्च से 7 अप्रैल तक सांस्कृतिक भवन प्रांगण में आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य यजमान श्रीमती अंजनी देवी मदन तिवारी एवं भगवताचार्य स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, अशोक दुबे,भागवत साहू, कुंवरकांत देवांगन, जुगलकिशोर पाण्डेय, योंगेंद्र मिश्रा, श्रवण सिंह, महेंद्र पाण्डेय, सीपी दीक्षित, रोहन सिंह ठाकुर, डां रामगोपाल अग्रवाल, पूरन अग्रवाल, आचार्य धनंजय मिश्रा रहेंगे।

## निधन

### सोनम दुबे

**बिलासपुर।** अभिलाषा परिसर तिफरा निवासी लवकुश दुबे (संबलपुर वाले) की बेटी सोनम दुबे का 32 वर्ष की आयु में इलाज के दौरान 27 मार्च की रात वेल्लोर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 मार्च की सुबह 10 बजे मुक्तिधाम सरकंडा में किया जाएगा। वे राहुल दुबे, प्रतीक दुबे की छोटी बहन और लवकुश आशा दुबे की बेटी थीं।



### सुश्री पुष्पा गुर्जर

**बिलासपुर।** तिलक नगर निवासी सुश्री पुष्पा गुर्जर का 28 मार्च को निधन हो गया। वे 76 वर्ष की थीं। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम किया जाएगा। वे विजय गुर्जर, अरुण गुर्जर एवं स्व. अशोक गुर्जर की बहन थीं।



### रोहित लाल पटेल

**बिलासपुर।** जोरापारा सरकंडा निवासी रोहित लाल पटेल का 28 मार्च को निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम नगर पंचायत टुंडरा में 29 मार्च को किया जाएगा। वे तिलक राम पटेल के पिता थे।



### निखिल गुप्ता

**बिलासपुर।** अटल आवास देवनगर कोनी निवासी निखिल गुप्ता (राजा) का 27 मार्च को निधन हो गया। वे 31 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 28 मार्च को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक गुप्ता के पुत्र थे।



### आकाश राजगीर

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर निवासी राजगीर मोहल्ला निवासी आकाश राजगीर का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 मार्च को सुबह 11 बजे उनके निवास से दयालबंद मधुबन के लिए निकलेगी। वे पन्नालाल राजगीर के पुत्र और अधिवक्ता प्रदीप राजगीर के भतीजे थे।



# महतारी वंदन से वंचित हितग्राहियों को आचार संहिता तक करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना से वंचित महिलाओं को आवेदन करने के लिए करीब तीन माह का इंतजार करना पड़ेगा। लोकसभा चुनाव के बाद आचार संहिता हटने के बाद ही नए आवेदन लिए जाएंगे। हालांकि योजना की पहली किस्त का लाभ लेने वाली महिलाओं के लिए खुशखबरी है कि हर महीने योजना की किश्त की राशि का एक हजार रुपए मिलते रहेंगे और आचार संहिता का योजना की किश्त पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

हालांकि, योजना से जुड़े कुछ कर्मचारियों का कहना है कि किश्त जारी करने के लिए विभाग को चुनाव आयोग से मंजूरी लेनी पड़ेगी। इसके बाद ही अगले माह की किस्त संभव है। दरअसल, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगते ही महतारी वंदन योजना को लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए थे। अगले माह की किश्त को लेकर भी लोगों के मन में भ्रम पैदा होने लगा था।

## लोकसभा चुनाव के बाद ही लिए जा सकेंगे नए आवेदन

### जिले की चार लाख 26 हजार महिलाओं को लाभ

गौरतलब है कि जिले की चार लाख 26 हजार 587 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। महिला एवं बाल विकास विभाग की 8 परियोजनाओं में कुल मिलाकर 4 लाख 26 हजार 587 महिलाओं को योजना के अंतर्गत चयनित किए गए हैं। परीक्षण में 640 महिलाओं के आवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए। निर्धारित तिथि तक 4,27,227 महिलाओं के आवेदन प्राप्त हुए थे। परियोजना वार लाभान्वित हितग्राहियों के अनुसार बिलासपुर से 55 हजार 988, बिल्हा से 61हजार 644, सरकंडा से 66 हजार 171, तखतपुर से 37 हजार 543, सकरी से 47 हजार 594, मस्तुरी से 67 हजार 521 तथा कोटा से 63 हजार 995 महिलाएं शामिल हैं।




फिलहाल जिन्हें राशि मिल रही उनकी किश्त पर नहीं पड़ेगा असर

### नए आवेदन नहीं लिए जाएंगे

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू होने के कारण नए आवेदन नहीं लिए जा सकते हैं। जब सरकार अगले चरण का निर्णय लेगी तो दोबारा आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू होगी। पहले किश्त के लाभार्थियों को राशि निरंतर जारी रहेगी।

- शिव बनर्जी,
उप जिला निर्वाचन अधिकारी

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्च 2024 को महतारी वंदन योजना का शुभारंभ किया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को एक-एक हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किया गया था। प्रदेश की 68.53 लाख महिलाओं के खातों में 636.44 करोड़ रुपए का भुगतान पहली किस्त के रूप में किया गया था। योजना के तहत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह के दर से वर्ष में 12 हजार रुपए बैंक खातों में अंतरित किए जाएंगे।

### आवेदनों में दिया गया खाता नंबर गलत

महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने के लिए विभाग की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। पहली किस्त के लिए आवेदन देने और अंतिम सूची में नाम होने के बावजूद राशि से वंचित महिलाओं के खातों की जांच की जा रही है। कई महिलाओं के खाता नंबर ही गलत मिले हैं। हालांकि, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड से मिलान कर राशि जारी करने का प्रयास किया जा रहा है। योजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि बहुत सी महिलाओं ने खाता नंबर तो दिया है लेकिन उनका आधार लिंक किसी दूसरे खाते से है। कुछ महिलाओं ने काफी पुराना खाता नंबर दिया है, जो आधार से लिंक ही नही है।

## सेवा पुस्तिका में लेटलतीफी दर्ज करने के आदेश से हैं नाराज, जेडी को सौंपा ज्ञापन

# कलेक्टर की सख्ती पर लामबंद हुए लिपिक कहा 10 बजे दफ्तर आएंगे तो 5 बजे चले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकारी दफ्तरों में अधिकारी-कर्मचारी मनमर्जी समय पर पहुंच रहे हैं। ऐसे में कलेक्टर अवनीश शरण अब दफ्तरों में अचानक पहुंच देर से आने वालों को नोटिस थमा रहे हैं।

पिछले दिनों कलेक्टर ने शिक्षा विभाग में भी निरीक्षण किया था। यहां पूरा दफ्तर खाली मिला। जिसके बाद कलेक्टर ने सख्ती दिखाते समय नोटिस के साथ ही सभी को समय पर आने की हिदायत दी। लेकिन कलेक्टर के इस सख्ती पर जिला शिक्षा विभाग के लिपिक लाम्बंद हो गए हैं। गुरूवार को संघ ने संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय पहुंच जेडी आरपी आदित्य को ज्ञापन देते हुए कहा कि लिपिकों के पास ढेरों काम होते हैं। जो कार्यालयीन समय पर पूरा नहीं हो पाते हैं। ऐसे में दफ्तर का समय खत्म होने के बाद भी काम किया जाता है। यदि सुबह 10 बजे दफ्तर आने का दबाव बनाया जा रहा तो हम सभी शाम 5 बजे कार्यालय समय समाप्त होने के बाद भी नहीं रूकेंगे। यदि एमरजेंसी काम कराया जाएगा तो हमे उसके बदले अतिरिक्त राशि भी उपलब्ध कराई जाए।



ज्ञापन लेकर पहुंचे लिपिक।

### सेवा पुस्तिका में टिप्पणी दर्ज करने से नाराज

छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के महामंत्री सुनील यादव ने जानकारी देते हुए बताया बिलासपुर डीईओ टीआर साहू द्वारा कर्मचारियों के कार्यालय आने में विलंब होने की स्थिति पर उक्त कर्मचारी के सेवा पुस्तिका में अंकित करने का आदेश जारी किया गया है, जबकि तय समय से अधिक लिपिक कर्मचारी शासन और उच्च अधिकारियों के आदेश पर कार्यालय का कार्य करते हैं ऐसे में उनकी सेवा पुस्तिका पर कार्यालीन समय का ब्योरा देना सार्थक नहीं है।



## बेलतरा में होगा भाजपा का विस कार्यकर्ता सम्मेलन

**बेलतरा।** मई माह में होने वाली तीसरी चरण के लोकसभा चुनाव में बिलासपुर लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी को चुनाव में विजयी बनाने 4 अप्रैल को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाना है।

बेलतरा के शहर मंडल में कार्यक्रताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि देश में मोदी मय वातावरण है। पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर पूरा रोड मैप तैयार कर लिया है। हमें हर घर हर द्वार पर दस्तक देकर जन मानस को मतदान करने निमंत्रण देना है। शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर सघन जनसंपर्क की शुरुवात करनी होगी जिसमें विधायक सहित बूथ स्तर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस अवसर पर विधनसभा संयोजक शंकर दयाल शुक्ला, मंडल अध्यक्ष धनजय त्रिपाठी, जीतू साहू, दारा सिंह, प्रणव शर्मा, दिनेश सिंह, ओमप्रकाश पांडे, रूपाली गुप्ता, शैल भोई, सुशील राव, नारद साहू शैलु गोरख, ओंकार पटेल, ऋषभ चतुर्वेदी, रमेश पटेल, राम प्रकाश साहू, भूषण साहू, मुशर्रफ़ खान, शैलेश देवांगन सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गर्भवती महिला ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

गर्भवती महिला ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सांवाताल निवासी हरिलाल ध्रुव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी पुत्री कविता पोर्ते का एक वर्ष पूर्व पूरा निवासी विशाल पोर्ते के साथ विवाह हुआ था। विवाह के बाद एक माह तक ठीक चलता रहा और एक माह बाद बेटी कविता व दामाद विशाल रोजी मजदूरी के लिए पूना चले गए थे जहां पुत्री कविता ने फोनकर बताया कि वहां मारपीट किया करता था। उसके बाद चार महिने बाद वापस पूरा आ गए। इसी बीच कविता गर्भवती हो गई। 27 मार्च की दोपहर 3 बजे उन्हें सूचना मिली कि कविता ने फांसी लगा लिया है। सूचना के बाद तत्काल परिजन के साथ पूरा पहुंचे। इसके बाद घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### मायके वालों से बात करने को लेकर पत्नी के साथ मारपीट

मायके वालों से बात करने को लेकर पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर दिया। पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर निवासी आशा जायसवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 मार्च की रात 8 बजे वह अपने आंगन में मोबाइल से खेल रही थी। तभी उसका पति लक्ष्मण जायसवाल अपने मायके वालों से बात कर रही हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इसी बीच जब सास को वह बीच बचाव के लिए बुलाई तो वह भी उसे जमीन पर गिरा दी। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने लक्ष्मण जायसवाल और सरस्वती जायसवाल के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।



### लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र का स्वागत

**बिलासपुर।** कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास के नेतृत्व में लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र यादव का बेलतरा-बिलासपुर के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बिलासपुर लोकसभा के उम्मीदवार देवेंद्र यादव के प्रथम बिलासपुर आगमन के दौरान कोनी बेलतरा आगमन पर कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर आतिशबाजी की। इस अवसर पर मनोज श्रीवास, पंडित महेश मिश्रा, पवन सिंह ठाकुर, रवि बघेल, दादू शिकारी, महेंद्र शिकारी, पंडित जितेंद्र शर्मा, तारण टंडन, मोहन जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, चरण सिंह राज, कौशल श्रीवास्तव, नीलम शर्मा, तनिष्क श्रीवास, गोविंद यादव, राहुल श्रीवास, फूलचंद सारथी, संतोष भाई, प्रमोद साहू, अनिल साहू, कौशल साहू, मोहन कोसले, हृदेश कश्यप, सुनाओ साहू, प्रशांत, शुभम श्रीवास, शैलेश कौशिक, प्रहलाद साहू, सुरेश यादव, हरीश वर्मा, दादू लश्कर, दादू शिकारी, मयंक वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महिलाओं ने रैली व दीवार लेखन के जरिए दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**तखतपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन में लोगों की शत प्रतिशत सहभागिता के उद्देश्य को पूरा करने जिले की स्व सहायता समूह की महिलाएं सक्रिय भागीदारी निभा रहीं है। तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सकर्रा में समृद्धि संकुल संगठन की महिलाओं ने रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर के जरिए महिलाओं ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में 28 ग्राम पंचायतों की महिलाएं शामिल हुई। इसी तरह जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में समूह की महिलाएं दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, रंगोली एवं नृत्य के जरिए मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश का प्रसार कर रहीं है। समूह की महिलाएं अपनी बैठकों में मतदान में भागीदारी को लेकर चर्चा और शपथ लेकर क्षेत्र के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर रहीं है। ग्राम पंचायत बकरकुदा में भी दीदियों ने स्वीप के तहत रंगोली बनाकर शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। बड़ी संख्या में महिला समूहों द्वारा ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे अपने मताधिकार का सही प्रयोग करें। स्वीप मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदाता साक्षरता का समर्थन करने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है।



### स्कूल गेट को तोड़ने से मना करने पर मारपीट

स्कूल गेट को तोड़ने से मना करने पर आरोपियों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार खम्हरिया निवासी सतीश सूर्यवंशी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 मार्च की रात 11:30 बजे होलिका दहन स्थल पर जा रहा था स्कूल के गेट को मनबोध सूर्यवंशी और उसका भाई प्रेम सूर्यवंशी गेट को जोर जोर से हीला कर तोड़ने का प्रयास कर रहे थे जब मैंने मना किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी शराब जब्त

**तखतपुर।** अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी शराब को पुलिस ने जब्त करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नगोई मोड़ के पास घोंघाडीह निवासी ओमप्रकाश खाण्डे के पास से 15 पांव देशी प्लेन शराब जप्त करते हुए। आबकारी अधिनियम 34,1, क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### सामान लौटाने की बात पर भाई ने भाई को पीटा

सामान वापस करने की बात को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई को गाली गलौज कर मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार जूनापारा थाना अंतर्गत ग्राम दर्री निवासी जोहित कैवर्त ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि तीन साल पहले अपने बड़े भाई रोहित कैवर्त को मकान बनाने के लिए 7 नग छड़ दिया था जब वह घर बना रहा था 24 मार्च को शाम 7 बजे जोहित कैवर्त के पास जाकर कहा कि जो छड़ मैने घर बनाने के लिए आपको दिया था उसे वापस लौटाने के लिए कहा तो बड़े भाई जोहित कैवर्त नाराज होकर गाली गलौजकर मारपीट करने लगा। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## जूस संचालक ने की प्रेस क्लब सचिव से मारपीट



**सीपत।** नारियल पानी पीने के बाद पैसे की बात को लेकर बुधवार को सीपत प्रेस क्लब के सचिव पर नवाडीह चौक पर स्थित बजरंग जूस संचालक ने बेटे के साथ मिलकर मारपीट किया व जान से मारने की धमकी दी। बता दें कि बुधवार को सीपत प्रेस क्लब के सचिव देवेश शर्मा सीपत आए हुए थे। उसी दौरान दोपहर करीब 2 बजे नवाडीह चौक के पास स्थित बजरंग जूस सेंटर व फल भंडार के पास रुक नारियल पानी पीया। इसी दौरान लेनदेन को लेकर जूस सेंटर के संचालक अरविंद सोनकर का बेटा गाली गलौज करते हुए मारने लगा। अरविंद सोनकर ने देवेश को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए नारियल काटने वाला चापड़ को उठाकर उनके गर्दन के पास अडा दिया और गला को हाथ से दबा दिया। जिसकी वजह से प्रेस क्लब सचिव के दाहिने गला व बाएं आंख के पास चोट लगी है 1 गुरुवार को जूस संचालक व उसके पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है। मामले पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने कहा कि पत्रकारों के साथ गुंदागर्दी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### आपरेशन प्रहार के तहत बिल्हा पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा

**बिल्हा।** आपरेशन प्रहार के तहत बिल्हा पुलिस को सूचना मिली कि बरतोरी मोहतरा खार में बडी संख्या में जुआरी जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर नकद 75 हजार 780 रुपए जब्त कर लिया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार बिल्हा थाना प्रभारी एनके चौहान को बरतोरी मोहतरा के खार में जुआ खेलने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किए। कार्रवाई में 4 आरोपी जुआ खेलते रंगे हाथ पकडे गए। जिनसे कुल जुमला रकम 75780 रुपए तथा ताश के 52 पत्ते, प्लास्टिक के बोरी फट्टी को पुलिस ने जब्त कर लिया। पकडे गए जुआरियों में सुनील साहू पिता स्व. सदन लाल उम्र 45 वर्ष साकिन नयापारा सिरगिट्टी थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर, गोपाल यादव पिता मेवालाल उम्र 39 वर्ष आदि शामिल हैं।

## बच्चों के खिले चेहरे, स्वादिष्ट भोजन से बच्चों की सेहत हो रही अच्छी

# लावर में शिक्षकों ने खिलाया न्योता भोज व विदाई कार्यक्रम

**मस्तूरी।** न्योता भोजन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को ब्लाक के संकुल दर्रीघाट अंतर्गत स्थित शासकीय पूर्व माध्य शाला लावर में शिक्षकों ने बच्चों को न्योता भोजन खिलाया। न्योता भोजन कार्यक्रम में मुख्य अभ्यागत प्रभारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी शिव राम टंडन थे।

शिक्षक सुरेंद्र नवनीत ने लड्डू, प्राथमिक शाला भोथीडीह के प्रधान पाठक ने चाकलेट तो सेवानिवृत्त शिक्षक अमरनाथ साहू ने बच्चों को मीठाई व पेन वितरित किया। कार्यक्रम में बीआरसीसी भागवत साहू, संकुल प्राचार्य पार्थ सारथी भट्टाचार्य, संकुल समन्वयक सूरज कुमार क्षत्री, सर्किल पटवारी दिनेश कुमार साहू, संस्था प्रमुख श्यामा खांडे, शाला के सेवानिवृत्त शिक्षक द्वय राजकुमार मिश्रा, अमरनाथ साहू, प्रधान पाठक कन्या मस्तूरी सिसिलिया केरकेट्टा, प्रधान पाठक भोथीडीह सेलेस्टिना केरकेट्टा, सुरेंद्र कुमार नवनीत, सत्यकांत सिंह, प्रधान पाठक बालक लिमतरा किशोर कुमार शर्मा, जुहली के शिक्षक कमल मिश्रा, शाला स्टाफ उमेश शर्मा, रविशंकर पांडेय, ज्योति परमार, कविता भारद्वाज, शफकत हनीफ खान, बीआरसीसी से हिमांशु शर्मा, कमलेश खोबरागढे सहदेव गेंदले, ग्राम कोटवार मोहर दास, रसोइया सहित शाला के बच्चे उपस्थित रहे।



### पूर्व माध्यमिक कन्या शाला में नेवता भोज

**बेलतरा।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बेलतरा द्वारा गुरुवार को नेवता भोज कार्यक्रम व विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें अतिथियों के द्वारा छात्राओं को भोजन कराया गया। कक्षा आठवीं के छात्राओं को विदाई भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि के रूप में बेलतरा ग्राम पंचायत पंच कृष्ण कुमार यादव, भारत भास्कर के स्थानीय संपादक राधेश्याम कोरी, संकुल समन्वयक रामपुरी ताम्रकार, पथरापाली स्कूल के प्रधान पाठक प्रतीक्षा अवस्थी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत स्कूल स्टाफ, शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा फूल व पुष्प गुच्छ से किया गया। साथ ही अतिथियों को एक-एक पेन भेंट किया गया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि आप सभी अच्छे नंबर से उत्तीर्ण होकर स्कूल का नाम रोशन करें व अपने गांव, घर, परिवार का नाम भी उज्जवल करें। कार्यक्रम को सुचारू रूप से सफल संपन्न कराने में शाला के स्टाफ, प्रधानपाठक तुकाराम गुप्ता, शिक्षक-शिक्षिका मधुराम मरावी, मंजू चंद्राकर, स्मिता शर्मा, संतोष कुमार केशरवानी, चमेली राज, लक्ष्मीन बाई, सरस्वती कश्यप, सीता साहू, संगीता बैसवाड़े, पालक में ईश्वरी धीवर उपस्थित रहे।





## मां की पुण्यतिथि पर शिक्षिका ने आयोजित किया न्योता भोज

**बिलासपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहरा संकुल सेलर विकासखंड बिल्हा की शिक्षिका श्रीमती स्मिता क्षत्री ने मां श्रीमती प्रमिला ठाकुर की पुण्यतिथि पर आज न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

न्योता भोज कार्यक्रम में बच्चों को पुडी, बडा, डुपकी, चावल, फल व मीठा का वितरण किया गया। इस न्योता भोज आयोजन से स्कूल के सभी बच्चे खुश नजर आए। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख प्रधान पाठक बीडी सूर्यवंशी, शिक्षक एनके टोंडे, शिक्षिकाएं श्रीमती स्मिता क्षत्री, श्रीमती नीना त्रिपाठी, श्रीमती सम्पदा सोनी उपस्थित रही। इस दौरान संकुल के प्रमुख संकुल समन्वयक श्री सत्यवान विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे। न्योता भोज में रसोइया कन्हैया, श्रीमती बिलासा बाई, श्रीमती उत्तरा बाई, सफाई कर्मचारी परमेश्वर रजक व अन्य का सहयोग रहा।

**खबर संक्षेप**

## विद्या भारती की वार्षिक परीक्षाएं 1 से

**बिलासपुर।** विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में बोर्ड को छोड़कर सभी कक्षाओं की परीक्षाएं 1 अप्रैल से शुरू हो रही हैं। प्रदेश के सभी सरस्वती शिशु मंदिरों में पाठ्यक्रम परीक्षा में एकरूपता लाने के लिए वार्षिक परीक्षाएं 1अप्रैल से एक साथ एक समय पर आयोजित की जाएंगी। कक्षा पहली से पांचवीं तक की परीक्षाएं 2 से 22 अप्रैल, छठवीं से आठवीं तक 1 से 22 और कक्षा 9वीं 11वीं की परीक्षाएं 1 से 18 अप्रैल तक चलेंगी। परीक्षाओं का समय सुबह 8 बजे से रहेगा।

## होली खेलने आए युवक पर तलवार से हमला

**बिलासपुर।** होली खेलने आए युवक पर पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने तलवार व लोहे की राड से सिर पर जान लेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, यदुनंदन नगर निवासी समर बोरकर पिता रामपाल बोरकर 25 मार्च को होली खेलने किम्स हास्पिटल के पास नागदौर प्लाट आए थे। होली खेलने के दौरान शाम 4.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर प्रफूल्ल वैष्णव ने उनके साथ गाली गलौज करने लग जान से मारने की धमकी देते हुए तलवार व लोहे के राड से सिर पर हमला कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। समर बोरकर ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट प्रफूल्ल वैष्णव के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## युवती का मोबाइल लेकर भागे दो युवक, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** राह चलती युवती को रोककर बुलेट सवार दो युवकों ने बीमार मां के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी बहन को देने की बात कहकर उसका मोबाइल ले लिया और भाग गए। पुलिस बुलेट सवार युवकों का पता नहीं लगा पाई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, टिकरापारा यादव मोहल्ला निवासी उपासना मेश्राम पिता अरूण मेश्राम निजी संस्थान में काम करती हैं। बुधवार की रात वे ड्यूटी करने के बाद घर लौट रही थीं। शाम 7.15 बजे जलाराम मंदिर के पास बुलेट सवार दो युवक उनके पास आए और फोन करने के लिए मोबाइल मांगे। मना करने पर एक युवक ने कहा उसकी मां की तबियत खराब है, उन्हें घोष हास्पिटल में भर्ती कराया गया, उनकी स्थिति गंभीर है। बहन को फोन कर बताना है। युवक की बातों में आकर युवती ने उन्हें मोबाइल दे दिया। मोबाइल में बात करने का बहाना करते हुए युवती को धक्का देकर दोनों युवक मोबाइल लेकर बुलेट से भाग गए। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 379, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## कार्यालय में पेट्रोल लेकर जाने वाले पर कार्रवाई

**बिलासपुर।** तहसील कार्यालय में पेट्रोल लेकर आने वाले युवक को पुलिस पकड़कर थाने लेकर गई। उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। रोज की तरह गुरूवार को दोपहर में तहसील कार्यालय में कोर्ट चल रहा था। इसी दौरान मसानगंज निवासी शाही रिजवान बोतल में पेट्रोल लेकर आया और अपना काम करने के लिए दबाव बनाकर हंगामा मचाने लगा। तहसीलदार अतुल वैष्णव ने घटना की सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी। पुलिस तहसील कार्यालय पहुंचकर हंगामा मचाने वाले शाही रिजवान को पकड़कर थाने ले गई। थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी ठाकुर गौरव सिंह ने बताया, उक्त व्यक्ति के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

# अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई का असर, टारगेट पूरा करने में पंजीयन विभाग का छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सालाना 306 करोड़ का टारगेट
- अभी तक ढ़ाई सौ करोड़ मिला राजस्व



पिछले माह अवैध प्लाटिंग पर लगातार हुई कार्रवाई एवं रजिस्ट्री पर रोक के बाद पंजीयन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ कुछ कम हो गई है। इसके चलते पंजीयन कार्यालय को अपना इस वर्ष का टारगेट पूरा करने में पसीना आ रहा है। जिला पंजीयन कार्यालय को सालाना 306 करोड़ रुपए का टारगेट मिला है, जबकि अभी तक लगभग ढाई करोड़ का ही राजस्व प्राप्त हो पाया है।

इस वर्ष पंजीयन विभाग से जिला पंजीयन कार्यालय को 306 करोड़ रुपए राजस्व रूप में कमाने का टारगेट मिला है। इस टारगेट का पीछा करते हुए जिला पंजीयन कार्यालय अभी तक लगभग ढाई सौ करोड़ रुपए ही प्राप्त कर पाई है, जबकि अभी इस सप्ताह का समय वित्तीय वर्ष समाप्त होने में बचा है। ऐसे में विभाग को उम्मीद है कि 270 करोड़ रुपए के आसपास जिले से राजस्व प्राप्त हो जाएगा। पंजीयन कार्यालय को अपना सालाना टारगेट पूरा करने में काफी पसीना बहाना पड़ रहा है, क्योंकि इस बार पंजीयन कार्यालय के टारगेट के आड़े अवैध प्लाटों के खिलाफ कार्रवाई आ गई। पिछले माह बिलासपुर नगर निगम सहित तखतपुर आदि कई क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई हुई थी, जिसका असर पंजीयन विभाग में जमीन की रजिस्ट्री पर पड़ा है। पंजीयन कार्यालय में वैसे तो फरवरी-मार्च माह में जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन इन दिनों पंजीयन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ उतनी अधिक नहीं है। अवैध प्लाटिंग के खिलाफ राजस्व विभाग एवं नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की गई है। इससे अवैध प्लाटों की खरीदी-बिक्री करने वालों में हड़कंप मच गया था। इधर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग समेत जिले के एसडीएम और नगर निगम द्वारा मोपका समेत कई क्षेत्रों में अवैध प्लाटों की रजिस्ट्री रोकने पत्र भेजा गया है। प्रशासन ने भी पंजीयन कार्यालय कार्यालय के अधिकारियों पर अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्री को लेकर नाराजगी भी जताई थी, जिसके बाद से अवैध प्लाटों की सूची देखकर रजिस्ट्री की जा रही है और अवैध प्लाटों की रजिस्ट्री में कमी आई है।

### शाम सात बजे तक खुल रहा कार्यालय

पंजीयन मुख्यालय ने वित्तीय वर्ष समाप्ति को देखते हुए पंजीयन कार्यालय शाम 7 बजे तक खुला रखने और अपाइटमेंट दिए जाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन अधिकांशतः शाम पांच बजे तक रजिस्ट्री हो जाती है, उसके बाद स्टाफ खाली हो जाते हैं। इसी तरह शनिवार-रविवार अवकाश के दिन भी पंजीयन कार्यालय खुला रखने का फरमान आया है, जिसके बाद से पिछले सप्ताह से अवकाश के दिनों में रजिस्ट्री कार्य हो रहा है।

### नए सिस्टम के चलते शुरुआत में धीमी रजिस्ट्री

वैसे तो पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर जिले में फरवरी माह से ही एक-दो जगहों पर नए सिस्टम नेशनल जेनेरिक रजिस्ट्रेशन डाक्यूमेंट सिस्टम, एनजीडीआरएस से रजिस्ट्री चालू की गई थी। बिलासपुर उप-पंजीयक कार्यालय के तीन काउंटरों में से पहले एक काउंटर में एनजीडीआरएस सिस्टम से रजिस्ट्री शुरू की गई थी और बाद में तीनों काउंटरों में नए सिस्टम से रजिस्ट्री हो गई। इसी तरह कोटा, बिल्हा, तखतपुर, मस्तूरी तहसील स्थित उप पंजीयक कार्यालयों में भी एनजीडीआरएस से इसी माह से रजिस्ट्री शुरू हुई। रजिस्ट्री कार्य का नया सिस्टम लागू होने के चलते भी जमीन रजिस्ट्री कार्य शुरुआत में धीमी गति से हुआ।

### टारगेट पर पड़ा है असर

इस साल जिला पंजीयन कार्यालय को 306 करोड़ का टारगेट विभाग से मिला है, जिसमें से अभी तक लगभग ढाई सौ करोड़ का राजस्व आ चुका है। अवैध प्लाटिंग पर बीच में लगातार कार्रवाई हुई है, जिसके बाद रजिस्ट्री कराने वालों की उतनी भीड़ नहीं है और अवैध प्लाटों की रजिस्ट्री भी रूकी है। इससे पंजीयन कार्यालय के टारगेट पूरा करने में असर पड़ा है।

**-आशु अग्रवाल**
जिला पंजीयक,
पंजीयन कार्यालय

## पीसीसी अध्यक्ष व महंत से फोन पर बात कराने के बाद भी आमरण अनशन जारी

# देवेंद्र यादव के साथ जुटे सारे कांग्रेसी अनशनरत कौशिक नहीं माने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



नगर आगमन पर लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र यादव का हुआ भव्य स्वागत।

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी से टिकट नहीं मिलने से नाराज जगदीश कौशिक को कांग्रेस भवन में आमरण अनशन पर बैठे 24 घंटे हो गए हैं। गुरुवार को कांग्रेसी विधायक, अध्यक्ष सहित कांग्रेसी नेताओं द्वारा आमरण अनशन पर बैठे कांग्रेस नेता को समझाने, मनाने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। यहां तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से विडियो कालिंग एवं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से मोबाइल फोन से बात कराने के बाद भी कांग्रेस नेता आमरण अनशन पर डटे रहे।

कांग्रेस भवन में आज कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, प्रमोद नायक आदि कांग्रेस नेता आमरण अनशन पर बैठे जगदीश कौशिक को समझाने, मनाने के प्रयास में लगे रहे। इसके अलावा भी पूरे दिन कांग्रेसी नेता वहां पहुंचकर श्री कौशिक को अनशन समाप्त करने समझाइश देते रहे। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी से टिकट नहीं मिलने से नाराज कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक बुधवार को आमरण अनशन पर बैठ गए और आज उन्हें आमरण अनशन करते 24 घंटे हो गए हैं और उनका आमरण अनशन अभी भी जारी है। कांग्रेसी नेताओं ने आज विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से श्री कौशिक की फोन पर बात कराई। इसी तरह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से विडियो कालिंग के जरिए अनशन स्थल से बात कराया गया। इन नेताओं द्वारा टिकट का मामला सीईसी की बैठक में उठाए जाने और हाईकमान तक उनकी बात पहुंचाने का आश्वासन देते हुए अनशन समाप्त करने समझाइश दी गई। लेकिन श्री कौशिक का कहना था कि मैने तो टिकट के उम्मीदवारी करते हुए पार्टी को आवेदन दिया था, जबकि देवेन्द्र यादव ने तो पार्टी को आवेदन भी नहीं दिया था।

### महामाया का किया दर्शन

बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव आज दोपहर शहर पहुंच गए। पहले वे दुर्ग से इंटरसिटी ट्रेन से आने वाले थे, किन्तु ट्रेन विलंब होने के कारण वे बाईरोड अपने समर्थकों के काफिला के साथ दोपहर करीब तीन बजे बिलासपुर पहुंचे, जहां रेलवे स्टेशन पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद श्री यादव बृहस्पतिबाजार स्थित स्व. बीआर यादव के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे और वहां वे स्व. यादव के परिजनों से मिलने उनके घर भी गए। उसके बाद देवेन्द्र यादव कांग्रेस नेताओं के साथ रतनपुर महामाया दर्शन के लिए निकल गए। देवेन्द्र यादव के साथ दुर्ग, भिलाई से उनके समर्थक, कार्यकर्ता भी यहां पहुंचे हैं।

### बिलासपुर से बहुत पुराना नाताः देवेन्द्र

बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव का कहना है कि कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में यहां आने का मौका मिला है, यह सौभाग्य की बात है। बिलासपुर के लोगों से युवाओं, समाज के वरिष्ठ लोगों से उनका बहुत पुराना नाता है। कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र यादव का आज यहां बिलासपुर आगमन हुआ। इस अवसर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री यादव ने बताया कि सेंट्रल इंडिया में सबसे ज्यादा राजस्व बिलासपुर रेलवे जोन से जाता है। यह ऐसे नहीं बना बिलासपुर के क्रांतिकारी साथियों, नेताओं ने बहुत संघर्ष किया तब जाकर रेलवे जोन की स्थापना हुई। लेकिन आज क्या हाल हो गया रेलवे का, रेल लाइन बिलासपुर की एक पहचान है, लेकिन बिलासपुर आने हमें ट्रेन नहीं मिल पा रही है और ट्रेन जो मिलती है वह कई घंटों लेट रहती है। श्री यादव का कहना है कि बिलासपुर की जनता के लिए वे एक नए व्यक्ति हो सकते हैं, लेकिन वे उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने आए हैं, उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिली है उसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे।



उसलापुर पेट्रोल पंप के सामने नाली खोदने पहुंचा नगर निगम अमला।

# भवन तोड़ने पहुंची टीम नाली खोदकर वापस लौटी

## उसलापुर आरओबी तक सड़क होना है चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- निगम ने दी थी भवन अतिक्रमण तोड़ने मोहलत, ले आया कोर्ट का स्टे

नगर निगम की टीम दल बल के साथ गुरुवार को महावीर नगर से उसलापुर आरओबी तक सड़क, नाली निर्माण में बाधा बनी एक दोमंजिला इमारत के सामने का हिस्सा को ढहाने पहुंची थी। लेकिन जैसे ही निगम की टीम तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू करने वाली थी वैसे ही भवन मालिक की ओर से कोर्ट का स्टे दिखा दिया गया, जिससे निगम की टीम बगल वाली जमीन में नाली खोदकर वापस लौट आई।

असल में जिस भवन को निगम का अमला आज पुलिस बल के साथ तोड़ने पहुंचा था उसी भवन को पिछले दिनों कार्रवाई के दौरान नगर निगम छोड़ दिया गया था। उस समय निगम के अधिकारियों का कहना था कि भवन मालिक द्वारा स्वयं अतिक्रमण तोड़ा जा रहा है और स्वयं अतिक्रमण तोड़ने भवन वाले को मोहलत दी गई है। उक्त दोमंजिला भवन के चलते नाली निर्माण कार्य रूका हुआ है और भवन के दोनों तक नाली का अधूरा निर्माण हुआ है।

भवन के सामने का हिस्सा और दो पिलर अतिक्रमण में आ रहा है जिसे निगम के भवन शाखा, अतिक्रमण शाखा की टीम पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन लेकर सुबह ग्यारह बजे मौके पर पहुंची और जैसे ही तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू करने वाली थी वैसे ही भवन मालिक की ओर कोर्ट का स्टे दिखा दिया गया। इसके बाद निगम की टीम बगल में पेट्रोल पंप के सामने जमीन पर जेसीबी मशीन के मदद से नाली खोदाई करवाकर वापस लौट आई।

### इसी माह कार्रवाई दौरान मचा था हंगामा

इसी माह के प्रथम सप्ताह में नगर निगम द्वारा महावीर नगर से उसलापुर आरओबी अतिक्रमण हटाने और नाली खोदाई कार्रवाई के दौरान काफी हंगामा, विवाद हुआ था। महावीर नगर से उसलापुर ओवरब्रिज तक सड़क एवं नाली का काम पिछले कई महिने से ठप था। सड़क वाली जमीन का सीमांकन विवाद के चलते सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण का काम अधूरा है। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने निगम के निर्देश के बाद नगर निगम के भवन शाखा अतिक्रमण शाखा की टीम दलबल के साथ कार्रवाई के लिए पहुंची थी, जिसमें राजस्व विभाग की ओर से राजस्व निरीक्षक, पटवारियों की नई टीम भी शामिल थी। इस दौरान वहां पर नाली खोदाई और जमीन की नाप-जोख को लेकर विवाद उठा था।

### मोहल्लेवासियों ने की थी शिकायत

महावीरनगर से उसलापुर आरओबी तक अधूरे सड़क, नाली निर्माण से हो रही समस्याओं को लेकर आसपास के लोगों ने कलेक्टर अवनीश शरण व निगम कमिश्नर अमित कुमार से मिलकर शिकायत की थी। लोगों ने बार-बार सीमांकन से अलग-अलग रिपोर्ट दिए जाने तथा सीमांकन दौरान चिन्ह बदल दिए जाने का मुद्दा उठाते हुए सीमांकन विवाद के चलते नाली, सड़क का काम पूरा नहीं होने की समस्या बताई थी। इसके साथ ही कुछ लोगों का अतिक्रमण नहीं तोड़ने के कारण तिरछी नाली बनने पर आपत्ति भी जताई थी।

### रुका हुआ है काम

महावीरनगर से उसलापुर आरओबी तक सड़क, नाली का काम अतिक्रमण के कारण रूका हुआ है। अतिक्रमण में आ रहे एक दोमंजिला भवन के सामने का हिस्सा को तोड़ने की कार्रवाई करने आज निगम की टीम गई थी, किन्तु उक्त भवन वाले द्वारा कोर्ट से स्टे ले लिया गया है जिसके चलते कार्रवाई नहीं की गई।

**-सुरेश शर्मा**, भवन अधिकारी,
नगर निगम

# मॉकड्रिलः पुलिसकर्मियों को तोरवा सिविल लाइन पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- एसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को किया पुरस्कृत



दोपहिया वाहन चालकों की जांच करती पुलिस।

पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिलने के बाद बताई गई बाइक में भाग रहे लोगों को सिविल लाइन व तोरवा पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए पकड़ लिया। हेल्मेट व गमछा हटाने पर दोनों बाइक में पुलिसकर्मी निकले। उसके बाद उन्हें बताया गया मॉकड्रिल हो रही है। एसपी ने सक्रियता दिखाने वाले सिविल लाइन व तोरवा थाना के पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया है।

एसपी रजनेश सिंह ने उठाईगीरी की वारदात को देखते हुए एडीशनल एसपी को नाकाबंदी करने मॉकड्रिल कराने आदेश दिया गया। गुरूवार को दोपहर 12.45 बजे एएसपी उमेश कश्यप के निर्देश पर पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना दी गई कि बृहस्पतिबाजार के पास दो बाइक में सवार चार लोग एक व्यक्ति से उठाईगीरी कर भाग रहे हैं। सभी थानेदारों को अपने अपने क्षेत्र में नाकाबंदी करने व दोनों बाइक का नम्बर बताया गया। सिविल लाइन पुलिस ने 10 मिनट के भीतर राजीव गांधी चौक में दोनों बाइक सवारों को रोक लिया। उसके बाद तोरवा पुलिस ने देवरीडीह चौक में घेराबंदी कर दोनों बाइक सवारों को पकड़कर हेल्मेट व गमछा निकलवाया गया। दोनों बाइक में चार पुलिसकर्मी निकले। उसके बाद उन्हें मॉकड्रिल होने की जानकारी दी गई। एसपी श्री सिंह ने सक्रियता दिखाते हुए दोनों बाइक को पकड़ने पर सिविल लाइन व तोरवा थाना के पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया है।

# दबंगई : डाक्टर व भांजों के साथ मारपीट कर कार में तोड़फोड़

**बिलासपुर।** होली के दिन युवकों ने दबंगई दिखाते हुए डाक्टर व उनके परिवार के लोगों के साथ जमकर मारपीट करते हुए पत्थर मारकर कार में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ बलवा का जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, राजपूत रायल बिल्डिंग न्यू गीता मैरिज पैलेस के पास रहने वाले डाक्टर दुर्गेश सिंह राजपूत ने रिपोर्ट लिखाई। 25 मार्च को वे पत्नी व भांजों के साथ होली खेल रहे थे। दोपहर 3 बजे वे दवाई खरीदकर कार से घर लौट रहे थे। आकांक्षा पैलेस के सामने सुनील कश्यप के घर के सामने कुछ लोग हुड़दंग करते होली मनाते हुए कार क्रमांक सीजी 10 एई, 7560 को बीच सड़क पर खड़े कर दिए थे। डा. राजपूत ने उन्हें सड़क से कार हटाने को कहा तो एक व्यक्ति उन पर पानी डालकर गाली गलौज करने लगा। उनके भांजे उनके पास आए तो विवेक चतुर्वेदी एवं 10 से 15 लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। वे भांजों को लेकर कार में बैठ गए तब युवकों ने कार के अंदर घुसकर उनके व भांजों के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर हमलावर राहुल सिंह, योगेश देवांगन, आकास साहू, सुदीप यादव, रामपाल कुशवाहा, महेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, विवेक चतुर्वेदी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### भागते समय गिरा युवक

डा. राजपूत ने बताया, युवक कार में घुसकर उनके साथ व भांजों के साथ मारपीट कर रहे थे। उन्होंने उनसे बचने के लिए कार आगे बढ़ाई तो एक युवक ने सड़क में गिरकर दरवाजा को पकड़ लिया था, जिससे कुछ दूर तक घिसटते गया है।

# नाबालिग से गैंगरेप : कोटा में बहन के घर पर छिपा था मुख्य आरोपी, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** काम से घर लौट रही नाबालिग का अपहरण कर गैंगरेप के मामले में फरार मुख्य आरोपी शहर से भागकर कोटा डबरीपारा में बहन के घर में जाकर छिप गया था। देर रात पुलिस ने वहां दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि 26 मार्च की रात 9.30 बजे कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग काम करने के बाद पैदल घर जा रही थी। महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास उसके पूर्व प्रेमी व उसके दो दोस्त उसे जबरदस्ती बाइक में बैठाकर तोरवा क्षेत्र के एक सूने मकान में ले गए और गैंगरेप किया। नाबालिग की शिकायत पर देवरीखुर्द निवासी ओम अहिरवार पिता उदल अहिरवार 22 साल, रोहित नायक पिता मनीराम नायक 20 साल को पकड़ लिया गया था। मुख्य आरोपी अकलतरा दर्रीडांड निवासी श्याम नायक उर्फ सोनू पिता विश्वनाथ 19 साल फरार हो गया था। पतासाजी के दौरान कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी कोटा डबरीपारा में अपनी बहन के घर में जाकर छिपा हुआ है।

टीआई विजय चौधरी, गोकुल जांगड़े, प्रेम सूर्यवंशी, नुरूल कादिर ने कोटा डबरीपारा में दबिश देकर आरोपी श्याम नायक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त कर ली गई है।










## .खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला सुरीघाट में बच्चों ने चखा स्वादिष्ट भोजन

**मुंगेली।** संकुल केंद्र आत्मानंद दाऊपारा मुंगेली अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सुरीघाट में सहायक शिक्षिका कौशिल्या वैष्णव द्वारा अपने पौत्र राघव व पौत्री आरू के जन्म दिन के उपलक्ष्य में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई, एबीईओ विमित्रा घृतलहरे, प्रदीप दिवाकर एवं संकुल प्राचार्य डॉ. आईपी यादव ने उपस्थित सभी बच्चों को खीर, पुड़ी, दाल, चावल, सब्जी और गुलाब जामुन समेत कई व्यंजन परोसे एवं बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान पाठक सोफिया अहमद, ग्राम सरपंच श्रीमती विमला देवी, पंच रानी सहित सभी एसएमसी पालक सदस्य उपस्थित रहे।

### सारधा में न्योता भोज, बच्चों को किया गया कलम का वितरण

**लोरमी।** ग्राम सारधा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कें शिक्षकों द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को ऋतु फल अंगूर खिलाकर न्योता भोजन तथा परीक्षा को ध्यान में रखते हुए कलम वितरण किया गया।



प्रधानपाठक प्रदुम्न राम पटेल ने न्योता भोजन को शासन द्वारा सामाजिक जागरण योजना बतलाया। शिक्षक डा.सत्यनारायण तिवारी ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा से नहीं घबराने, स्वस्थ और स्वच्छ रहने तथा निरंतर प्रगतिपथ पर अग्रसर होने का आह्वान किया। संतोष कुमार गहरे ने छात्रों को पौष्टिक भोजन करने तथा अनुशासित रहकर अध्ययन करने की बाते कही। शिक्षक नरसिंह राठौर, सावित्री साहू, सरिता साहू ने भी परीक्षा की तैयारी विषय पर प्रकाश डाला। उक्त अवसर पर जसवंत सिंह, विमला देवी, फूलबाई व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।


### लोधी समाज ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**पथरिया ।** प्रदेश लोधी समाज ने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में पथरिया एसडीएम बीआर ठाकुर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सिरगिट्टी थाना अंतर्गत बच्ची का अपहरण कर बलात्कार और उसकी हत्या कर दिया गया। जिसको लेकर समाज में आक्रोश है और आरोपी को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। ज्ञापन के माध्यम प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस घटना सख्त कार्रवाई करते हुए फांसी की सजा दी जाए। प्रशासन द्वारा आरोपियों के खिलाफ पास्को एक्ट में कार्रवाई किया जा रहा जिसे नाकाफी मानते हुए प्रदेश लोधी समाज द्वारा अनुरोध किया गया है कि आरोपी के खिलाफ उक्त धाराओं के अतिरिक्त 363, 366, 120B को और जोड़ा जाए। जिला पंचायत सदस्य जागेश्वरी वर्मा ने बताया कि बिलासपुर में लगातार जघन्य घटना घट रही है। बच्चियां घर से निकलने में डर रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए फांसी की सजा दी जाए। घनश्याम वर्मा ने शासन से मांग किया परिवार के किसी एक व्यक्ति को नौकरी व 10 लाख का मुआवजा राशि दिया जाए। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जगदीश वर्मा , जितेंद्र वर्मा , रामरतन वर्मा आदि उपस्थित थे।

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंगेली।** रंजिश पर हुई हत्या के आरोपी को मुंगेली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार विनय मरावी



पिता चंदकुमार मरावी उम्र 15 वर्ष सा. संगवाकापा होली के दिन शाम करीब 7 बजे अपने चचेरे बड़े भाई शत्रुहन उर्फ राजू नेताम के साथ गांव के गोपी नेताम की दुकान से मिक्चर खरीद कर विष्णु निषाद की दुकान के सामने बैठकर मिक्चर को खा रहे थे। उसी समय गांव का राजू निषाद अपने घर तरफ से टंगिया लेकर आया और विनय तथा इसके भाई से गालीगलौज करते हुए पुरानी रंजिश की बात को लेकर टंगिया से शत्रुहन नेताम पर हमला कर दिया। विनय ने बीच बचाव किया तो उस पर भी टंगिया से हमला कर दिया। शत्रुहन उर्फ राजू नेताम को परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। शत्रुहन उर्फ राजू नेताम उम्र 19 वर्ष का इलाज के दौरान 26 मार्च को सुबह मौत हो गई।

### 29, 30 एवं 31 को भी होगा पंजीयन कार्य

**मुंगेली।** अवकाश के दिनों 29 मार्च शुक्रवार, 30 मार्च शनिवार एवं 31 मार्च रविवार को भी उप पंजीयन कार्यालय खुलेंगे और दस्तावेजों का पंजीयन का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर श्री राहुल देव ने जनसुविधा एवं शासकीय राजस्व संग्रहण की दृष्टि से उक्त अवकाश के दिनों में जिले के तीनों उप पंजीयक कार्यालय में नियमित पंजीयन कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंजीयक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम माह पूर्ण होने में मात्र कुछ ही दिवस शेष हैं। अतः अवकाश के दिनों में भी पंजीयन का कार्य किया जाएगा।

## अंचल में रंगों के त्यौहार होली पर हुए विविध आयोजन

# कहीं कवियों ने हंसाया तो कहीं उड़े रंग-गुलाल



### योग समिति ने होली मिलन में बताए प्राणायाम के गुण

**लोरमी।** पतंजलि योगपीठ समिति शाखा लोरमी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन 25 मार्च को किया गया। जिसमें समिति के सभी सदस्यों के द्वारा प्राकृतिक रंगों को उपयोग करते हुए रंग गुलाल लगाकर होली मिलन मनाया गया। इस दौरान योग गुरु शिवलाल ध्रुव एवं प्रेमा अग्रवाल ने बताया कि 2015 से अनवरत प्रातः 5 से 7 बजे तक अग्रसेन भवन में प्रतिदिन प्राणायाम एवं योगासन किया जाता हैं। प्राणायाम जीवनप्रद ऊर्जा को श्वसन के नियमन से नियमित करने में सहायक होता है। प्राणायाम का उद्देश्य स्वायत्त तंत्रिका प्रणाली पर नियंत्रण स्थापित करना तथा इसके माध्यम से मानसिक कार्यों को प्रभावित करना है। समारोह में योग शिक्षक शिवलाल सिंह धुर्वे, मोती कश्यप, संतोष कश्यप, सुजीत वर्मा, किशन कुलमित्र, सुनील शर्मा, गोपाल अग्रवाल, प्रेमा अग्रवाल, रंगनाथ केशरवानी, कामता आदि उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ का होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ जिला शाखा का होली मिलन समारोह कलेक्टोरेट परिसर स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित किया गया। सभी उपस्थित अधिकारियों का संघ के पदाधिकारियों द्वारा गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया गया। कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान, मुख्य अतिथि व डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार शतरंज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष डॉ. आईपी यादव ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। उपाध्यक्ष विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पीएस बेदी ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सौंपे गए समस्त निर्देशों का पालन करना हम सब का दायित्व है। उप



होली मिलन समारोह में अधिकारी।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीडी प्रसाद महाप्रबंधक, सक्रिय सदस्य किशोर प्रभात सिंह राजपूत, सहायक प्रबंधक, आरके घोषले तहसील शाखा मुंगेली कोषाध्यक्ष, उत्तम कुमार दुबे कोषाध्यक्ष, महादेव यादव प्रवक्ता, तहसील मुंगेली शाखा अध्यक्ष एनके पुरले उप संचालक डीके व्यौहार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लोरमी पीआर धृतलहरे, व्याख्याता पंकज मिश्रा, निवेदिता गबेल, एपीओ विनायक गुप्ता आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। अंत में सभी अधिकारियों के सहयोग के लिए कार्यालय सचिव राजेश कुमार लहरे लेखाधिकारी जिला पंचायत ने आभार व्यक्त किया।



### प्राथमिक शाला हथनीकला में होली मिलन कार्यक्रम

**धरमपुरा।** शासकीय प्राथमिक शाला हथनीकलां में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने शिक्षकों के साथ उत्साह से होली का त्योहार मनाया। शिक्षक राजकुमार कश्यप ने बच्चों को बताया कि यह अन्याय में न्याय तथा असत्य में सत्य के जीत के प्रतिक के रूप में मनाया जाने वाला त्योहार है। जिस प्रकार कई रंगो को मिला देने से रंग अपना काम करना नहीं छोड़ता ठीक उसी प्रकार मानव जीवन में समरसता बनाए रखने के लिए पुराने से पुराने गिले, शिकवे को त्याग कर प्रेम के प्रतीक त्योहार होली को मनाया जाता है। कार्यक्रम में शिक्षक सीमा राजपूत, नमिता सोनी, शिक्षक योग राज उपाध्यक्ष दीपक कुमार ध्रुव, रसोईया कमलेश यादव, सुरेखा, सुनीता, दुर्गा ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### गायत्री शक्ति पीठ में मना होली महोत्सव



**पेंड्रा ।** गायत्री शक्ति पीठ पेंड्रा में होली महोत्सव के अवसर पर उत्साह, उमंग के साथ सामूहिक यज्ञ संपन्न हुआ। नरसिंह भगवान ने अहंकार, अन्याय, अमानवीयता का दमन किया है तथा त्याग सेवा मानवता का प्रतीक के रूप में होली का त्यौहार मनाया जाता है। गायत्री शक्तिपीठ अखिल विश्व गायत्री परिवार पेंड्रा में होली के शुभ अवसर पर सामूहिक यज्ञ उत्साह, उमंग, भाईचारे के साथ किया गया। गायत्री शक्ति पीठ क़े अध्यक्ष एलएन वैश्य ने कहा कि सर्वेषां देवानां आत्मा यद् यज्ञः। सब देवताओं की आत्मा यज्ञ ही है । वर्तमान समय में समाज में व्यक्ति अवसाद का जीवन जी रहा है। जबकि हमारे धर्म में होली राष्ट्रीय पर्व, उत्साह, उमंगों का त्योहार के रूप में मनाया जाता है। आयोजन में मुख्य यजमान श्रीमती सीमा गुप्ता, ऋचा वैश्य, श्रीमती प्रभा वैश्य, वीणा देवी वैश्य, कपिल श्रीवास्तव, वेदांश, लल्लूराम सोनी के सहयोग से कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। यज्ञ का संचालन अध्यक्ष एलएन वैश्य गायत्री शक्ति पीठ के द्वारा संपन्न कराया गया।



ग्राम खुटेरा में होली के रंग मं रंगे युवक।

### मैत्री क्लब का होली मिलन समारोह

**लोरमी ।** नगर के छोटे राजा बड़ा में मैत्री क्लब व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अंजना देवी के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। क्लब की महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर फाग गीतों पर नृत्य किया। एक दूसरे के ऊपर रंग लगाकर बधाई दिए। इस अवसर पर श्वेता दास, प्रेमा अग्रवाल, अमरजीत सलूजा, ममता सलूजा, स्नेहलता, जसबीर, हेमलता खत्री, सत्यभामा, नेहा, साक्षी सलूजा, पूजा गुप्ता, आरती वैष्णव, सविता पाठक, मंसी, उषा, प्रीति, इंद्राणी, चित्रेखा, सुलोचिनी, सुशीला सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### डिडनेश्वरी मंदिर परिसर में कवि गोष्ठी



**मल्हार।** होली पर डिडनेश्वरी मंदिर परिसर में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि नरेश पांडेय सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य थे। मां डिंडेश्वरी की पूजा आरती पश्चात दिनेश पांडेय ने सभी अतिथियों ,कवियों व श्रोताओं को गुलाल रंग लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का आगाज वरिष्ठ कवि शेषनारायण गुप्ता ने अपनी हास्य कविताओं से किया। महफिल को रवानगी देते हुए अधिवक्ता व कवि राजकिशोर पांडेय ने गजल सुना कर वाह वाही बटोरी ।अगले क्रम में कवि दिलीप पांडेय ने छत्तीसगढ़ी में डिडिनेश्वरी दाई की वंदना सुनाया। गोष्ठी में खूब रंग बिखेरते हुए दिनेश पांडेय ने जोगीरा गाकर श्रोताओं को खूब हंसाया व अपनी रसीली कविताओं से बहुत ताली बटोरी। स्थानीय कवि संतोष कैवर्त्य ने गीत सुनाया। गोष्ठी में एचएस पांडेय, संतोष कैवर्त, डॉक्टर भुवनेश्वर, रोहित भैना सहित श्रोताओं ने बहुत मजे लिए। कार्यक्रम का संचालन शेष नारायण गुप्ता व आभार संतोष कैवर्त्य ने किया।

# लो वोल्टेज़ बनी गंभीर समस्या पेयजल के लिए तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

नगर में लो वोल्टेज़ की समस्या ने गंभीर रूप ले लिया है। जिसके चलते नागरिकों को सबसे ज्यादा पेयजल और निस्तारी हेतु पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर के वार्ड क्रमांक 9, 11 और 13 में समस्या ज्यादा गहराया हुआ है।

जहां लोग सुबह से लेकर रात तक वोल्टेज़ आने के इंतज़ार में बैठे रहते है। लेकिन समस्या जस की तस बनी रहती है। लो वोल्टेज़ के कारण एक ओर जहां शासकीय नलकूप सूखे पड़े हुए है वहीं निजी जल श्रोत भी काम नहीं कर रहे है। दिन में किसी किसी समय अचानक से वोल्टेज़ आने पर पेयजल के लिए अफरा तफरी मच जाती है। वही ग्रामीण अपने आस पास के घरों से सहायता लेकर जीवन व्यापन करने को मज़बूर है। वार्ड 11 के ग्रामीण विजेंद्र सिंह ने बताया कि रात लगभग 1-2 बजे के आसपास घर का बोर चालू हो पाता है। ऐसे में मज़बूरन रात में जाग कर दैनिक उपयोग के लिए पानी भरने को मज़बूर है।

#### दोहरी मार झेलने को मज़बूर


कुछ दिनों से तापमान में भी वृद्धि देखने को मिली है और दोपहर के समय अभी से काफ़ी तापमान रहने लगा है। लो वोल्टेज़ के चलते विद्युत उपकरण भी ठीक से नहीं चल पा रहे है। एक ओर जहां लोग गर्मी में हलाकान हो रहे है वही दूसरी तरफ पानी की दिक्कत लोगों की जान ले रही है। ऐसे में वार्ड 11 के लोगों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

#### नए जेई बता पाएंगे

पथरिया स्टेशन में वे प्रभार में थे। वर्तमान के नये जेई इस सम्बन्ध में बता पाएंगे।

**कमलेश पटेल** , जेई विद्युत विभाग

#### नए ट्रांसफार्मर से मिल सकती है निजात



ऐसा नहीं है कि सम्बंधित वार्डों में यह कोई नई समस्या है और इसके लिए पहल नहीं की गई। वार्ड पार्षद दीपक साहू ने बताया कि वार्ड में मुख्य रुप से नगर पंचायत कार्यालय के पास लगे ट्रांसफार्मर और महिला बाल विकास विभाग कार्यालय के पास लगे ट्रांसफार्मर से विद्युत सप्लाई होती है। इनमें से महिला बाल विकास विभाग के पास लगे ट्रांसफार्मर में खराबी आने की वजह से महीनों पहले निकाला गया था, जो आजतक नहीं लग पाया है। वही नगर पंचायत कार्यालय के पास लगे ट्रांसफार्मर में अधिक लोड होने की वजह से हर समय खराबी आते रहती है। इसके लिए अनेकों बार सम्बंधित अधिकारियों से बात की गई। पार्षद ने बताया कि महिला बाल विकास विभाग कार्यालय के पास ट्रांसफार्मर लगाने से विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से चलने लगेगी।

# किसान से 1 लाख 78 हजार रुपए की उठाईगीरी, आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

बैंक में किसान से 1 लाख 78 हजार रुपए की उठाईगीरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त कार, उठाईगीरी की रकम व अन्य सामान की जब्ती बनाकर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम बोड़तरा निवासी छबिराम साहू पिता भुवन साहू उम्र 52 वर्ष 27 मार्च के छोटे भाई पालन साहू का केसीसी पटाने गए थे। पालन साहू अपने घर से 1 लाख 71 हजार लाया था। छोटे भाई को अपने पास रखे पैसे में से 22 हजार दिया और बैंक से पानी पीने पडाव चौक स्थित होटल में गया और पुनः उसी बैंक में गया तो एक व्यक्ति बोला कि तुम्हारे शर्ट में गंदगी लगी है। प्रार्थी अपने शर्ट में लगी गंदगी को धो धो रहा था। उसी समय थैले में रखे 1 लाख 78 हजार नकदी व अन्य समान को कोई अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। पुलिस ने सूचना पर फास्टरपुर थाना क्षेत्र में मुंगेली तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 9 डीएफ 3236 की जांच की और आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ पर आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी विशाल सिसोदियां से चोरी गए 60 हजार रुपए को तथा थैला में रखे पास बुक, चेक बुक, दो मोबाइल तथा नीरज कुमार सिसोदिया से हिस्से का कुल 59 हजार रुपए तथा घटना में प्रयुक्त 2 मोबाइल, 11 सिम, ड्राइविंग लायसेंस, बीमा, पेन कार्ड, एटीम आदि जब्त किया गया।



उठाईगीरी मामले का खुलासा करते पुलिस अधिकारी।

#### रायगढ़ में हो रही शादी में किया माल पार

तीनों आरोपी व निरंजन सिसोदिया के साथ इस घटना के पूर्व 11 मार्च को जिला रायगढ में एक हॉटल में शादी हो रही थी। जहां पर शादी मण्डप से सोने, चांदी का जेवर, एक सोने की चेन, दो सोने का रिंग, सोने का कान का झुमका, सोने का सिक्का, चांदी की पायल और नकद 70 हजार रुपए को चोरी कर आपस में बांट लिए।

### दो बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, एक घायल



**लोरमी।** ग्राम बोडतरा कला में दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक सवार की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। वही दूसरा बाइक का चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है। इस संबंध में चिल्पी थाना क्षेत्र प्रभारी सत्येंद्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि 28 मार्च को 11 बजे ग्राम बोडतरा कला में बाइक क्रमांक सीजी 10 एफई 4930 का चालक सनत कुमार जायसवाल उम्र 40 वर्ष निवासी बोडतरा कला थाना चिल्फी को बाइक क्रमांक सीजी 28 एम 5207 का चालक योगेश नवरंग पिता वीर सिंह निवासी गातापार थाना चिल्फी के द्वारा सामने से टक्कर मार दिया। हादसे में योगेश नवरंग भी गम्भीर रूप घायल हो गया। जिसे 108 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बैगा आदिवासी की लाश पेड़ पर लटकती मिली

**लोरमी।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के ग्राम सारसडोल में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बैगा आदिवासी की लाश पेड़ पर लटकती हुई मिली। लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना लिया। खुड़िया चौकी क्षेत्र प्रभारी एएसआई केपी जायसवाल ने बताया कि 26 मार्च को शाम 5 बजे ग्राम सारसडोल निवासी राकेश कुमार बैगा ने चौकी में सूचना दिया कि उसके पिता की लाश सारसडोल वनक्षेत्र में कक्ष क्रमांक 144 उड़ेगी जंगल के एक पेड़ पर लटक रही है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को घटना स्थल पहुंचकर मृतक की लाश को नीचे उतारकर पंचनामा कर 28 मार्च को पीएम के लिए रवाना किया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक सूअर के हमले से दिव्यांग हो गया था। जिसके चलते वह परेशान था। पुलिस ने मामले में धारा 134 के तहत मर्ग कयम कर मामले की विवेचना में जुट गई है।

## कलेक्टर ने स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापारी संघ के पदाधिकारियों की ली बैठक

# मतदान का लक्ष्य हासिल करने सुनिश्चित करें भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

■ व्यापारी संघ ने मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप गतिविधि आयोजित करने जताई सहमति

लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने जिले के व्यापारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन में मतदान का महत्व बताते हुए सभी व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से मतदाता जागरूकता अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव और मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की



आधारशिला है। यह नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने के अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देता है। मतदान एक निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि जिले में शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के संकल्प में व्यापारियों की भी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। व्यापारी संघ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने व्यापारी संघ के पदाधिकारियों को प्रतिष्ठानों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उप संचालक भूमिका देसाई सहित संबंधित अधिकारी और जिले के विभिन्न व्यापारी संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

#### गंभीरतापूर्वक करें कार्य

लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जनपद पंचायत मुंगेली के सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों के लिए मतदाता जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने में नोडल अधिकारी एवं पंचायत सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मिशन मोड में स्वीप गतिविधि का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने खेल गतिविधियों की ली जानकारी



**पेंड्रा।** कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने फिजिकल कालेज पेण्ड्रा का निरीक्षण कर खेल गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने फिजिकल कालेज परिसर, खेल मैदान, जिमनास्टिक हॉल के निरीक्षण के साथ ही 14 से 20 वर्ष आयु वर्ग की कबड्डी खेल के अभ्यासरत बालिका खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने जिला खेल अधिकारी सीमा डेविड से विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और भविष्य में होने वाली टूर्नामेंट के बारे में जानकारी ली। उन्होने खिलाड़ियों की सुविधा के लिए जिमनास्टिक हॉल के सामने शेड निर्माण कराने व बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश एसडीएम अमित बेक को दिए। इस अवसर पर कबड्डी कोच कौशल कुमार ने जूनियर व सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ियों की जानकारी दी।